उत्तर प्रदेश में शिक्षा की प्रगति

सामान्य शिक्षा

1984-85

शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद

इलाहाबाद

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B,Sri Aurbindo Marg,New Delhi-110016
DOC. No.....
Date.....

विषय-सूची

अध्याय संख्या शीर्षक		पृष्ठ संख्या
1	सामान्य पर्यवेक्षण	1–4
2	प्राथमिक शिक्षा	5–6
3	पूर्व माध्यमिक शिक्षा	7
4	माध्यमिक शिक्षा	8–11
5	उच्च शिक्षा	12–14
6	अध्यापक प्रशिक्षण	15–18
7	प्रौढ़ शिक्षा	19–22
8	अनौपचारिक शिक्षा	23–25
9	राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तर प्रदेश ..	26–40
10	पुनर्व्यवस्था योजना	41–42
11	बालाहार एवं पोष्टाहार योजना	43
12	पुस्तकालय	44–45
13	पत्राचार शिक्षा संस्था, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद	46
14	दक्षिणी भारतीय भाषाओं का शिक्षण	47
15	संस्कृत शिक्षा	48
16	अरबी तथा फारसी शिक्षा	49
17	उर्दू शिक्षा	50–53
18	अनौपचारिक शिक्षा के लक्ष्य एवं नामांकन के आंकड़े ..	54–69

सारणियों की सूची

1	शिक्षा के लिए निर्दिष्ट बजट	71
2	शिक्षा के विभिन्न शीर्षकों के लिये बजट	72–73
3	प्रबन्धानुसार शिक्षा संस्थाएं (सामान्य शिक्षा)	74
4	विभिन्न प्रकार के मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थाएं (प्रथम तीन स्तर) ..	75
5	विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त शिक्षा संस्थायें (अंतिम दो स्तर) ..	76
6	संख्यानुसार छात्रों की संख्या	77–78
7	संस्थानुसार अध्यपकों की संख्या	79–80
8	स्तरानुसार छात्रों की संख्या	81
9	माध्यमिक शिक्षा परिषद् की परीक्षाओं के लिये मान्यता प्राप्त विद्यालयों की संख्या	82
10	हाई स्कूल परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या	83

शीर्षक

अध्याय संख्या		पृष्ठ संख्या
11—इण्टरमीडिएट परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या	..	84
12—संस्कृत पाठशालाओं की संख्या और राजकीय सहायता	..	85
13—अरेबिक मदरसों की संख्या और राजकीय सहायता	..	86
14—प्रशिक्षण संस्थान तथा सम्बद्ध प्रशिक्षण संस्थाएं	..	87
15—प्रशिक्षण संस्थाएं तथा सम्बद्ध प्रशिक्षण कक्षाएं (छात्र संख्या)	..	88–89
16—प्रशिक्षण संस्थाएं एवं सम्बद्ध प्रशिक्षण कक्षाएं उत्तीर्ण होने वाले छात्राध्यापकों और छात्र अध्यापिकाओं की संख्या	.. ..	90
17—रजिस्ट्रार विभागीय परीक्षाएं एवं सचिव माध्यमिक परिषद् द्वारा संचालित परीक्षाओं का तीन वर्ष का परीक्षाफल	.. ..	91–93
18—जिलेवार 1981 की जनसंख्या साक्षरता का प्रतिशत तथा 30 सितम्बर 1984 को विद्यालयों की संख्या	.. ..	94–99
19—30 सितम्बर 1984 को जिलेवार संस्थानुसार छात्र संख्या		100–105
20—30 सितम्बर 1984 को जिलेवार संस्थानुसार अध्यापक संख्या	..	106–110
21—जिलेवार महाविद्यालय, छात्र संख्या एवं अध्यापक संख्या (30 सितम्बर 1984 की स्थिति के अनुसार)	.. ..	111–113
22—(अ) केन्द्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1984–85 में संचालित प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का विवरण (माह दिसम्बर, 1984)	..	114–118
(ब) राज्य कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1984–85 में संचालित प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों का विवरण (माह दिसम्बर 1984)		118–119
23–अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम	.. .. ..	120–125

संलग्न ग्राफों की सूची	पृष्ठ के समक्ष
उ0 प्र0 के स्कूल तथा कालेजों में छात्र–संख्या	2
जूनियर बेसिक विद्यालय	4
सीनियर बेसिक विद्यालय	6
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	10
उ0 प्र0 में प्रौढ़ शिक्षा के पंजीयन की प्रगति (31–12–84)	20
उ0प्र0 में प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों की वर्षवार प्रगति (31–12–84)	22

अध्याय–1

सामान्य पर्यवेक्षण

शिक्षा के प्रचलित अर्थ हैं पढ़ना–लिखना–गिनना, जान जाना, तोता–रटायी कर परीक्षा पास कर लेना, सूचनाएं एकत्र कर लेना कुछपाठों को सीख लेनाऔर कंठस्थ कर लेना,डिग्रियां प्राप्त कर लेना, कोराज्ञानार्जन, कुछ कौशलों में दक्षताएवं मात्र अनुभव आदि प्राप्त कर लेना। पढ़ना–लिखना–गिनना जानना साक्षर होना है। साक्षर होना और शिक्षित होने में महान अन्तर है। शिक्षा एक प्रक्रिया है। इसमें विकास की प्रक्रिया, सुविचार 'प्रक्रिया सोद्देश्य प्रक्रिया, गतिशील प्रक्रिया, आजीवन चलने वाली प्रक्रिया, त्रिमुखी प्रक्रिया, संश्लिष्ट विकास की प्रक्रिया, आयोजित सुधारात्मक प्रक्रिया सम्मिलित है। शिक्षा सुविचार प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति की अपनी और समाज की उन्नति के लिये उसमें सुधारात्मक परिवर्तन होता है। अन्तर्निहित शक्तियों को प्रकाश में लाना, उनको विकसित करना और उचित दिशा में मोड़कर व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना शिक्षा है।

राष्ट्रीय शैक्षिक सिद्धान्तों के आधार के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा पद्धति के रूपान्तरण सामायिक परिवर्तन और उच्च सुधार के निमित्त व्यापक एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम बनाये और अपनाये गये हैं। प्रदेश की जनसंख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में ही सीमित संसाधनों के अन्तर्गत क्रमिक रूप से शैक्षिक प्रगति, तथा शिक्षा की विषय वस्तुओं में परिवर्तन परिवर्धन अध्यापन की उन्नत पद्धतियों की ग्राह्यता, परीक्षा प्रणाली में सुधार और उसका स्तरोन्नयन, पाठ्य-पुस्तक अध्ययन अध्यापन और प्रशिक्षण में सुधार हेतु सतत उत्कृष्ट प्रयत्न किये जाते रहे हैं और आगे के लिये भी जारी हैं।

2,94,000 वर्ग किलोमीटर के विस्तृत क्षेत्र में फैले हुए इस उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 11,08,86,000 हैं, जिसके आधार पर इसे देश के विशालतम् प्रदेश होने का गौरव प्राप्त है शिक्षा जगत की व्यवस्था के अनुरूप कार्य संपादन में सुविधा की दृष्टि से इस प्रदेश को 12मण्डलों में विभक्त किया गया है। हर मण्डल के शैक्षिक कार्य एवं प्रशासन के संचालन के निमित्त एक उप शिक्षा निदेशक का कार्यालय है। इसी प्रकार बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था हेतु प्रत्येक मण्डल में 12 मण्डलीय बालिका विद्यालय निरीक्षिकाओं के कार्यालय व्यवस्थित हैं। प्रदेश में 56 जनपदों में भी जनपदीय स्तर पर शैक्षिक नियंत्रण एवं व्यवस्था के लिए एक-एक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की व्यवस्था है। इसी व्यवस्था के अनुरूप जूनियर स्तर की शैक्षिक व्यवस्था एवं नियंत्रण के निमित्त सभी 56 जनपदों में एक-एक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की भी स्थापना हुई है।

सम्पूर्ण प्रदेश का विभाजन 895 विकास खण्डों में हुआ है, जिसमें 1,12,561 ग्राम बसे हैं। प्रदेश की साक्षरता, सन् 1981 की जनगणनानुसार 27.40 प्रतिशत है।

प्रमुख शैक्षिक स्तरों पर प्रदेश की नीतियां एवं कार्य-नीतियां निम्नवत् हैं––

प्राथमिक शिक्षा––

(1) प्रदेश के 6 से 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना। इसके निमित प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के कार्यक्रम को सर्वाधिक

वरीयता दी जाती है । साथ ही शिक्षा के वार्षिक बजट का अधिकांश इस महत्वपूर्ण कार्य पर व्यय किया जाता है ।

(2) ह्रास एवं अवरोध को कम करने के कारगर उपाय किये जाने हेतु वर्तमान में पूर्ववर्ती कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावोत्पादक एवं उपयोगी बनाना, तथा विद्यालयों की धारण क्षमता में वृद्धि करना ।

(3) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों के बालकों एवं बालिकाओं को विद्यालयों में प्रविष्ट कराने पर विशेष बल दिया जाना ।

(4) समाज के निर्बल वर्ग के शिक्षार्थियों के लिये निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, पोशाक मध्यान्ह अल्पहार तथा छात्रवृत्तियों की अधिकाधिक व्यवस्था करना ।

(5) प्राथमिक शिक्षा के परिवेश के सुधार हेतु नये भवनों की व्यवस्था और पुराने भवनों के रख-रखाव तथा उनमें आवश्यक उपकरणों एवं शैक्षिक उपकरणों की व्यवस्था करना ।

(6) गत सर्वेक्षण के आधार पर वरीयता-क्रम में नये विद्यालयों का खोला जाना ।

अनौपचारिक शिक्षा--

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश में अनौपचारिक शिक्षा-योजना को लागू किया गया है । इस योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन का उद्देश्य यह है कि 6-14 वय वर्ग के ऐसे उन बालक एवं बालिकाओं को शिक्षित बनाना, जो कभी किसी सामान्य प्राइमरी पाठशालाओं में अध्ययन हेतु नहीं गये या जिन्होंने किन्हीं अपरिहार्य आर्थिक अथवा सामाजिक अन्य किन्हीं कारणों वश अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी नहीं की अथवा बीच ही में जिनकी पढ़ाई बन्द हो गई । इस योजना के अन्तर्गत ऐसे अशिक्षित अथवा अर्धशिक्षित बच्चों को शिक्षा एवं अध्ययन की मुख्य धारा में शामिल किया जा रहा है ।

गुणात्मक सुधार--

प्रारम्भिक शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिये पाठ्यक्रमों में संशोधन करना, जैसे उदाहरणार्थ शिक्षा को पर्यावरण से जोड़ना, समाजोपयोगी उत्पादक कार्य का पाठ्यक्रम में समावेश करना तथा ऐसे पाठ्यक्रमों को विद्यालय के बच्चों के लिये सुसंगत बनाना ।

(2) शिक्षण तथा मूल्यांकन में गतिशील पद्धतियां अपनाना ।

(3) निर्बल वर्ग के बच्चों को शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम ।

निर्बल वर्ग के, विशेषकर, शिक्षा के प्रति उदासीन परिवारों के बच्चों को विद्यालयों में लाने के लिए निःशुल्क पुस्तकें, लेखन सामग्री, यूनीफार्म तथा बालाहार की योजनाओं का संचालन ।

माध्यमिक शिक्षा--

माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में, विकास के लिये सुनियोजित नीति का अपनाया जाना तथा क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने के लिये नये माध्यमिक विद्यालयों का मुख्य रूप से कम सेवित पिछड़े क्षेत्र में, खोला जाना ।

2--गुणात्मक सुधार कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाना, जिनके अन्तर्गत पाठ्यक्रम को सघन बनाना, पाठ्यक्रमों का स्तर उन्नत करना, शिक्षा प्रणाली को उन्नत बनाना आदि सम्मिलित है । विद्यालयों को प्रयोगशीलता की ओर उन्मुख करने के लिये विद्यालयों में अभिनव प्रयोग की योजना का संचालन करना--

उ.प्र. के स्कूल तथा कालेजों में छात्र-संख्या



1984–85	79,000	21	आंकड़े उलब्ध नहीं हैं।

3—ऐसे व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करना जिनसे छात्रों को पर्याप्त संख्या में मध्य स्तरीय रोजगार के अवसरों की ओर लगाया जा सके। विद्यालय भवन, काष्ठोपकरण, प्रयोगशालाओं तथा साज-सज्जा की दृष्टि से विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जाना।

4--10 वर्षीय सामान्य शिक्षा के नये रूप के संदर्भ में विज्ञान की शिक्षा का विस्तार तथा सुधार करना।

5--माध्यमिक शिक्षा परिषद् की परीक्षा पद्धति के अभिनवीकरण हेतु पत्राचार संस्थान की स्थापना।

6--शैक्षिक समस्याओं के अध्ययन एवं अनुसंधान को विशिष्ट गति देने की दृष्टि से राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना।

अध्यापक प्रशिक्षण--

प्राइमरी तथा माध्यमिक स्तर की संस्थाओं के अध्यापकों की सेवा कालीन शैक्षिक सुविधाओं की विस्तृत एवं व्यापक बनाना और वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समुन्नत करना।

उच्च शिक्षा--

उच्च शिक्षा के विस्तार के स्थान पर उसके सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जाना।

राष्ट्रीय सेवा योजना--

वर्ष 1965—70 में एन0सी0सी0 की अनिवार्यता समाप्त करके भारत सरकार द्वारा अन्य प्रदेशों के साथ-साथ इस प्रदेश के चार विश्वविद्यालयों के 2,500 फर्स्ट डिग्री स्तर के छात्रों पर राष्ट्रीय सेवा योजना लागू की गई थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना जागृत करना, चरित्र निर्माण तथा छात्रों को मिलजुल कर रचनात्मक कार्यों में लगाना है। इस योजना के अन्तर्गत 7 : 5 के अनुपात में व्यय वहन करने के लिये भारत सरकार वचन बद्ध है।

योजना की उपादेयता को ध्यान में रखते हुये वर्ष 1974–75 से इसे सामान्य कार्यक्रम तथा विशेष शिविर कार्यक्रम में बांट दिया गया। प्रतिवर्ष जितने छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आवंटित किये जाते हैं उसके आधे छात्र दस दिवसीय विशेष शिवरों में भी भाग लेते हैं। इस योजना में प्रतिवर्ष छात्र संख्या में वृद्धि होती रही हैं। वर्ष 1968—70 में छात्र संख्या 2,500 के विरुद्ध वर्ष 1984–85 में विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को 78,000 छात्र संख्या सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 38,000 छात्र संख्या विशेष शिविरों के लिये आवंटित की गई थी। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत पिछले पांच वर्षों की प्रगति निम्नवत् है :—

वर्ष	भारत सरकार द्वारा आवंटित	विश्व-विद्यालयों की संख्या	डिग्री कालेजों की संख्या	योजना के अन्तर्गत वास्तविक रूप से प्रवेश के लिये छात्र/छात्रायें		
				छात्र	छात्रायें	योग
1980–81	64,000	18	345	45,813	17,010	62,823
1981–82	70,000	18	361	47,618	20,569	68,187
1982–83	72,000	20	358	48,512	21,133	69,645
1983–84	74,000	21	355	50,013	21,493	71,506
1984–85	79,000	21	आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।			

प्रौढ़ शिक्षा--

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के व्यापक संचालन में जिसके अन्तर्गत 15-35 वय वर्ग के निरक्षर व्यक्तियों, विशेष रूप से महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों तथा समाज के अन्य निर्बल वर्ग के लोगों को साक्षर बनाने, उनमें चेतना जागृत करके उनकी व्यावहारिक कार्य-क्षमता के स्तर को उन्नत बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

खेलकूद एवं युवक कल्याण--

छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ समुचित सामाजिकता एवं स्वस्थ नागरिकता का प्रशिक्षण देना और उनके शरीर को हृष्ट पुष्ट बनाना तथा उन्हें चुस्त रखने को उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का संचालित किया जाना। इसके अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को खिलाड़ियों की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये कोचिंग, विजेताओं को छात्रवृत्तियां देना, राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान विद्यालयों में पाठ्य सहगामी सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूर्व माध्यमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में बालचर योजना का विस्तार, अपना देश अपना प्रदेश जानो आदि ; योजनायें सम्मिलित हैं। विद्यालयीय खेल कूद एवं अन्य शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों के प्रोन्नयन हेतु राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान फैजाबाद की स्थापना की गई।

अन्य कार्यक्रम--

बालाहार एवं पुष्टाहार--शारीरिकस्वास्थ्य एवं मानसिक दक्षता के लिये पूर्व विद्यालयीय बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं विद्यालयीय (6-11) वय वर्ग के बच्चों के लिये योजना का संचालन।

2--पुस्तकालय नीति--शिक्षा के सभी स्तरों के कार्यक्रमों को आधुनिक पुस्तकालय व्यवस्था का समर्थन प्रदान करना।

3--शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों के नियोजन एवं अनुश्रवण हेतु शिविर कार्यालय लखनऊ में नियोजन अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कोष्ठक की स्थापना।

4--अध्यापकों की नियुक्तियों में निष्पक्षता की दृष्टि से माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा (दोनों ही स्तरों के लिये) सेवा-आयोगों की स्थापना।

5--हिन्दी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं, जैसे-संस्कृत उर्दू आदि का समुचित विकास किया जाना तथा उनके साहित्य में अभिवृद्धि हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रमों को संचालित किया जाना।

6--राष्ट्रीय एकीकरण की दृष्टि से कक्षा 1-12 तक की भाषा और इतिहास की पुस्तकों की समीक्षा किया जाना।

7--उत्तर प्रदेश को इनसेट परियोजना के अन्तर्गत चुन लिये जाने के कारण शैक्षिक प्रसारण कार्यक्रम के क्रियान्वयन और उसमें प्रगति हेतु शैक्षिक टेलीविजन निर्माण केन्द्र का शीघ्र ही लखनऊ नगर में स्थापित किया जाना।

उक्त नीतियों से स्पष्ट है कि देश एवं समाज की नवीनतम आवश्यकताओं और राष्ट्रीय आदर्शों के परिप्रेक्ष्य में, शिक्षा के माध्यम से, प्रदेश में, अनेक अध्याय उद्घाटित हो रहे हैं। उन्हें उत्तरोत्तर प्रगति की दिशा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के सभी स्तरों पर समाज एवं राष्ट्र के बहुमुखी विकास में सहायक कार्यक्रमों का समावेश किया जा रहा है।

जूनियर बेसिक विद्यालय







बुलन्दशहर के लिए आदेश निर्गत किया जा चुका है।

छठीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत वर्ष 1984–85 में पर्वतीय जनपदों के नगर क्षेत्रों में 23 जूनियर बेसिक स्कूलों के संचालनार्थ रु0 10,63,000 का प्रावधान निर्धारित किया जा चुका है। वर्ष 1984- 85 में कोई नवीन जू0 बे0 स्कूल खोलने का लक्ष्य निर्धारित नही है।

अध्याय–2

प्राथमिक शिक्षा

(1) पूर्व प्राथमिक (शिशु) शिक्षा--नर्सरी (शिशु) शिक्षा आयुवर्ग 3-5 के बालक-बालिकाओं को दी जाती है। अधिकांशतः पूर्व प्राथमिक (नर्सरी) शिक्षा की व्यवस्था निजी संस्थाओं द्वारा की जाती है। प्रदेश में इस समय सम्प्रति 88 नर्सरी विद्यालय चल रहे हैं। जिनमें केवल नर्सरी पद्धति की ही शिक्षा दी जाती है। ऐसे विद्यालय प्रायः नगर अथवा नगर के समीपस्थ क्षेत्रों में रहते हैं। देश-प्रदेश में ऐसी संस्थाओं की नितान्त आवश्यकता है। शिशु शिक्षा महंगी होने के कारण, शासन द्वारा स्वयं, प्रयोगात्मक रूप से, प्रशिक्षण संस्थाओं से सम्बद्ध 10 राजकीय शिक्षा केन्द्र चलाये जा रहे हैं।

पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में 11600 बालक तथा 7300 बालिकायें अध्ययनरत हैं, जिन्हें 133 पुरुष तथा 668 महिला अध्यापिकायें शिक्षा प्रदान कर रही हैं।

(2) प्राथमिक शिक्षा (जूनियर बेसिक) शैक्षिक सुविधा के विस्तार की दृष्टि से प्रदेश में संविधान के अनुच्छेद 45 में निर्दिष्ट निदेशक तत्व की पूर्ति को सर्वाधिक अग्रता दी जा रही है। माननीया स्व0 प्रधान मन्त्री ने इसकी पूर्ति पर विशेष बल दिया था, और इसे बीस सूत्री कार्यक्रम में सम्मिलित कर प्रमुखता दिलाई थी। अस्तु प्राथमिक शिक्षा के प्रसार के लिये पर्याप्त प्रयास किये जा रहे हैं। शिक्षा की प्रत्याशित प्रगति और विकास के ध्येय से माननीय वर्तमान प्रधानमन्त्री जी के भी ऐसे संकेत हैं कि शिक्षा-प्रणाली में व्यापक परिवर्तन अनिवार्यतः आवश्यक है।

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बच्चों को घर से, मैदानी क्षेत्र में 1 1/2 (डेढ़) कि0 मी0 तथा पर्वतीय क्षेत्र में एक कि0मी0 परिधि में जूनियर बेसिक स्कूल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रक्खा गया है।

(3) इस समय में प्रदेश मे 72,959 मिश्रित जूनियर बेसिक विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से 66,156 स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं। प्रदेश के जूनियर बेसिक विद्यालयों में 1,16,08,542 छात्र/छात्रायें अध्ययनरत हैं, जिनमें 79,05,132 बालक तथा 37,03,410 बालिकायें हैं। अध्यापकों की कुल संख्या 2,54,902 है जिनमें 46,145 महिलायें हैं।

कक्षा 1-5 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की संख्या 1,17,07,354 हैं जिनमें 37,77,122 बालिकायें हैं।

मैदानी जनपदों के नगर क्षेत्रों में जू0 बे0 स्कूलों के खोलने हेतु अनुदान के निमित्त जिला योजना में 4,70,00,000 रुपये का परिव्यय/प्रावधान निर्धारित है। शासन से एक स्कूल खोलने हेतु 1,47,000 रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। शासन द्वारा मैदानी जनपदों में से बुलन्दशहर जिले में इस स्कूल के खोलने एवं संचालित करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुलन्दशहर के लिये आदेश निर्गत किये जा चुके हैं।

छठी पंचवर्षीय योजनान्तर्गत वर्ष 1984–85 में पर्वतीय जनपदों के नगर क्षेत्रों में 23 जूनियर बेसिक स्कूलों के संचालनार्थ रु0 10,63,000 का प्रावधान निर्धारित किया जा चुका है। वर्ष 1984-85 में कोई नवीन जू0 बे0 स्कूल खोलने का लक्ष्य निर्धारित नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्र में मिश्रित प्राथमिक विद्यालय खोलने की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में मैदानी क्षेत्र में 276 तथा पर्वतीय क्षेत्र में 75 विद्यालय खोले गये हैं।

प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान शिक्षण में सुधार के दृष्टिकोण से वर्ष 1984-85 में रु0 300 प्रति विद्यालय की दर से पर्वतीय क्षेत्र के 400 विद्यालयों तथा मैदानी क्षेत्र में 2117 विद्यालयों के लिये विज्ञान शिक्षण सामग्री क्रय करने हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र संख्या में वृद्धि करके स्थिरता लाने हेतु बालिकाओं तथा निर्बल वर्ग के बालकों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में मैदानी क्षेत्र में 2,34,324 तथा पर्वतीय क्षेत्र में 23,000 छात्र/छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु 7.99 लाख रु0 की स्वीकृति की गई हैं।

प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण सामग्री की व्यवस्था करने हेतु वर्ष 1984-85 में मैदानी क्षेत्र में 3596 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 800 विद्यालयों को लगभग 21.90 लाख रुपये स्वीकृत किये गये है।

निर्बल वर्ग के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये वर्ष 1984-85 में मैदानी क्षेत्र में 47,548 तथा पर्वतीय क्षेत्र में 20,000 बच्चों को निःशुल्क पोशाक देने हेतु रु0 16.89 लाख स्वीकृत किया गया है।

सीनियर बेसिक विद्यालय



अध्याय—3

पूर्व माध्यमिक शिक्षा

इस समय प्रदेश में 11261 बालक तथा 3353 बालिकाओं के कुल 14614 सीनियर बेसिक स्कूल चल रहे है, जिनमें 12,039 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है । कुल विद्यालयों में 21,62,558 छात्र/छात्रायें अध्ययन कर रही है, जिनमें 16,33,735 बालक तथा 5,28,823 बालिकायें है । इन विद्यालयों में अध्यापन कार्य में कार्यरत अध्यापकों/अध्यापिकाओं की संख्या 75,032 है, जिनमें 59,975 पुरुष तथा 15,057 महिलायें है ।

कक्षा 6- 8 में 37,23,772 बालक/बालिकायें अध्ययनरत है, जिनमें बालिकाओं की संख्या 8,95,132 है ।

ग्रामीण क्षेत्र में वर्ष 1984- 85 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 81 सीनियर बेसिक स्कूल खोले गये । इनके अतिरिक्त पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्र में भी 19 सीनियर बेसिक विद्यालय खोले गये । जबकि पर्वतीय नगर क्षेत्रों में इस वर्ष 1984- 85 में कोई सीयनेयर बेसिक विद्यालय खोलने का लक्ष्य नहीं निर्धारित है ।

निर्बल वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक बैंक स्थापित करने की योजना के अन्तर्गत वर्ष 1984- 85 में पाठ्य पुस्तक बैंक स्थापित करने हेतु रु0 1.95 लाख का अनुदान स्वीकृत किया गया है और तद्नुसार मैदानी क्षेत्र में 389 पाठ्य पुस्तक बैंकों की स्थापना की गई है ।

ग्रामीण क्षेत्र के सीनियर बेसिक स्कूलों में साज-सज्जा की व्यवस्था करने हेतु वर्ष 1984- 85 में मैदानी क्षेत्र के 994 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 300 विद्यालयों के लिये रु0 11,94,000 की धनराशि स्वीकृत की गई है ।

वर्ष 1984- 85 में मैदानी क्षेत्र के 200 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 12 अर्थात् प्रदेश के कुल 212 स्थायी मान्यता प्राप्त अशासकीय सीनियर बेसिक स्कूलों को विभाग की अनुदान सूची में सम्मिलित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषदीय सीनियर बेसिक स्कूलों में उर्दू विषय के अध्यापन हेतु सहायक अध्यापक उर्दू के 5,000 (पांच हजार) पदों का सृजन हुआ ।

इसी प्रकार प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषदीय सीनियर बेसिक स्कूलों में ही संस्कृत विषय के अध्यापन हेतु भी 1000 (एक हजार) सहायक अध्यापक (संस्कृत) के पदों का भी सृजन हुआ ।

अध्याय—4

माध्यमिक शिक्षा

इस समय प्रदेश में 4,822 बालक तथा 832 बालिकाओं के और इस प्रकार 5654 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चल रहे है। इनमें से 3672 विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। कुल विद्यालयों में 42,21,123 बालक/बालिकायें अध्ययन कर रही है। इनमें बालकों तथा बालिकाओं की पृथक-पृथक संस्थायें क्रमशः 32,32,892 तथा 9,88,231 है। इन विद्यालयों में अध्यापन हेतु कार्यरत अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं की भी संख्या क्रमशः 99,669 तथा 22,605 है। इस प्रकार छात्रों/छात्राओं की संख्या में थोड़ी वृद्धि के साथ अध्यापकों/अध्यापिकाओं की संख्या में गत वर्ष की अपेक्षा कोई वृद्धि नहीं हुई।

कक्षा 9–12 में कुल 25,58,152 छात्र/छात्रायें अध्ययन कर रही है; इनमें से बालिकाओं की संख्या 5,62,017 है।

वर्ष 1984–85 मैदानी क्षेत्र के 200 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 10 इस प्रकार कुल 210 गैर सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विभाग की अनुदान सूची पर लिये जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

वर्ष 1984-85 में मैदानी क्षेत्र के तथा पर्वतीय क्षेत्र के सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण हेतु क्रमशः 66 तथा 8 अर्थात् कुल 74 एवं साज-सज्जा एवं काष्ठोपकरण के लिये मैदानी क्षेत्र के 125 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 10 अर्थात् कुल 135 विद्यालयों को अनावर्तक अनुदान स्वीकृत किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वर्ष 1984–85 में मैदानी क्षेत्र के 181 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 14 अर्थात् प्रदेश के कुल 195 सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को पुस्तकालय सम्बर्धन अनुदान स्वीकृत किये जाने के लक्ष्य का निर्धारण है।

वर्ष 1984–85 में प्रदेश के मैदानी क्षेत्र के 30 सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अभिनव प्रयोग अनुदान की स्वीकृति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वर्ष 1984–85 में मैदानी क्षेत्र के 30 तथा पर्वतीय क्षेत्र के 18 इस प्रकार प्रदेश के कुल 48 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को उत्तम परीक्षाफल के आधार पर दक्षता अनुदान देने के भी लक्ष्य का निर्धारण है।

वर्ष 1984–85 में प्रदेश के सहायता प्राप्त ऐसे 263 अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, जिनमें विज्ञान विषय के शिक्षण की व्यवस्था नहीं है, को विज्ञान अनुदान की स्वीकृति से लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। ऐसे इन विद्यालयों में से 243 मैदानी क्षेत्र के और शेष 20 पर्वतीय क्षेत्र के है।

ग्रामीण क्षेत्र में बालिका विद्यालयों के अभाववश बालकों के ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं के भी अध्ययनरत होने के कारण ऐसी बालिकाओं की सुविधा की दृष्टि से वर्ष 1984–85 में प्रदेश के ऐसे 13 मैदानी एवं 5 पर्वतीय क्षेत्र के अर्थात् कुल 18 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अलग से प्रक्षालन कक्ष एवं कामन रूम के निर्माणार्थ इस वर्ष अनावर्तक अनुदान की स्वीकृति के लक्ष्य निर्धारित है।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



वर्ष 1984-85 में मैदानी क्षेत्र के उत्कृष्ट कोटि के से 3 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, जिनका परीक्षाफल उत्तम अनुशासन विशिष्ट रूप से अच्छा एवं जो विशिष्ट शैक्षिक कार्यक्रम युक्त रहे हैं, को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित है ।

माध्यमिक शिक्षा परिषद् की विकेन्द्रीकरण योजना के अन्तर्गत क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ द्वारा हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट 1984 की पूरक परीक्षाओं का आयोजन समस्त प्रदेश के लिये किया गया ।

2--1985 की परीक्षाओं से पूरक परीक्षा की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है और इसके स्थान पर व्यवस्था यह की गई है कि परीक्षा में प्रविष्ट एक परीक्षार्थी यदि केवल एक ही विषय में अनुत्तीर्ण रहे और उसे उस विषय में 25 प्रतिशत या इससे अधिक अंक मिले हों और उसके सम्पूर्ण विषयों के प्राप्तांकों का योग 40 प्रतिशत हो तो उसे अनुत्तीर्ण हुए विषय में 33 प्रतिशत तक अंक पाने के लिये आवश्यक अंक कृपांक के रूप में देकर उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा और उसे श्रेणी भी प्रदान की जायेगी ।

3--माध्यमिक शिक्षा परिषद् के शोध एवं मूल्यांकन अनुभाग द्वारा हाई स्कूल स्तर के 1985 की परीक्षा हेतु विज्ञान एक, विज्ञान दो, जीव विज्ञान तथा भूगोल विषयों के लिये तथा इण्टर भूगोल विषय में प्रति 10 प्रश्न पत्र तैयार किये गये और प्रथम 10 स्थान प्राप्त परीक्षार्थियों के उत्तरों को संकलित करके "प्रेरणा पुष्प 1982" नामक प्रकाशन प्रकाशित कराया गया । रोजगार परक शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वाणिज्य वर्ग के लिये नये पाठ्य-क्रमों की रूप रेखा तैयार करवाई गई है ।

4--माध्यमिक शिक्षा परिषद् विकेन्द्रीकरण योजना के अन्तर्गत शासन स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि चतुर्थ कार्यालय सातवीं योजनाकाल में लखनऊ में स्थापित किया जाय ।

5--सातवीं योजनाकाल में माध्यमिक शिक्षा परिषद् के कार्यालय के लिये सिक्योरिटी सेल की स्थापना एवं पाठ्य पुस्तक माइक्रोफिल्मिंग शोध एवं मूल्यांकन नियोजन आदि अनुभागों के विस्तार को प्रस्तावित किया गया ।

माध्यमिक शिक्षा परिषद्
पाठ्यक्रम शोध एवं मूल्यांकन अनुभाग
द्वारा किये गये कार्यों का विवरण

पाठ्यक्रम शोध एवं मूल्यांकन अनुभाग की स्थापना वर्ष 1975 में इस आशय से की गई थी कि परिषद् में चल रहे हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट स्तरीय परम्परागत पाठ्यक्रमों एवं प्रश्न-पत्रों का सर्वेक्षण कर उन्हें समुन्नत कर परीक्षाफल में सुधार किया जाय ।

अनुभाग उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति में लगातार परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं में दिये गये उत्तरों के आधार पर इस बात का सर्वेक्षण करता रहा है कि विद्यालय स्तर पर शिक्षा में कौन सी कमियां है तथा उन्हें दूर करने के लिये पाठ्यक्रमों में, शिक्षण में एवं प्रश्न पत्रों में कौन से सुधार किये जायं । इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्व प्रथम इण्टर तथा हाई स्कूल स्तरीय विज्ञान एवं गणित में एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 द्वारा निर्धारित प्रश्न-पत्रों के नये प्रारूपों को लागू किया गया ।

उपर्युक्त प्रारूपों को लागू करने पर उनकी सफलता को दृष्टिगत रखते हुए द्वितीय चरण में वर्ष 1983 से भाषा एवं सामाजिक विषयों और तृतीय चरण में वर्ष 1984 से नई शिक्षा प्रणाली के पाठ्यक्रमों के निर्धारण के साथ-साथ विज्ञान- 1 तथा सामाजिक विज्ञान पूर्णतः दो नवीन विषयों में भी प्रश्न पत्रों के नवीन प्रारूपों को लागू कर दिया गया है ।

उपर्युक्त कार्यक्रमों के साथ-साथ वर्ष 1980 से प्रदेश में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों के उत्कृष्ट उत्तरों को "प्रतिभा-प्रसून" नामक पुस्तिका के रूप में प्रकाशित कर प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में भेजा जा रहा है जिससे कि छात्रों को अच्छे उत्तर लिखने की प्रेरणा मिले।

वर्ष 1984-85 में चल रहे कार्यक्रमों के अतिरिक्त जो कार्य किये गये हैं, वे निम्नवत् हैं:--

(1) कोमेट योजनान्तर्गत गणित-2 के पाठ्यक्रमों का नवीनीकरण--कोमेट योजनान्तर्गत इंगलैण्ड में प्रशिक्षित प्रदेश के 13 प्रवक्ताओं को पाठ्यक्रम शोध एवं मूल्यांकन अनुभाग म बुलाकर प्रचलित पाठ्यक्रम का विश्लेषण कराया गया तथा नये एप्रोच पर आधारित पाठ्यक्रम का नवीनीकरण कराया गया जिसे शीघ्र ही लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

(2) प्रतिदर्श प्रश्न पत्रों का निर्माण तथा प्रेषण--विज्ञान-1, विज्ञान-2, जीव विज्ञान तथा भूगोल के प्रश्न पत्रों में पायी जाने वाली विसंगतियों को दूर कर, बढ़े हुए पाठ्यक्रमों का समावेश करने हेतु तथा गिरते हुए परीक्षाफल को दृष्टिगत रख उपर्युक्त विषयों के प्रश्न पत्रों में कठिनाई स्तर को कम करने की दिशा में जो परिवर्तन किये गये, उनका समावेश कर संदर्भित सभी विषयों के प्रश्न पत्रों का प्रतिदर्श बनवा कर छात्रों के हित में एवं अध्यापकों के मार्गदर्शन हेतु सभी विद्यालयों में भेजा जा रहा है।

(3)+2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रमों का निर्माण--व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत प्रदेश में चल रहे वाणिज्य, कृषि रचनात्मक, प्राविधिक, उत्तर-बेसिक एवं रचनात्मक वर्गों के पाठ्यक्रमों में से सर्व प्रथम वाणिज्य के पाठ्यक्रमों को और अधिक व्यवसायपरक बनाने हेतु उसकी कुल आठ धाराओं की संकल्पना की गई। प्रत्येक धारा हेतु निर्धारित पाठ्यचर्या में 70 प्रतिशत बल के अनुसार 5-5 प्रश्नपत्रों के पाठ्यक्रमों का निर्धारण कराया गया जिसे जुलाई, 1985 से लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत वर्ष 1984-85 में शोध अनुभाग द्वारा निर्मित पुस्तिकाओं एवं प्रकाशनों का विवरण निम्नवत् है:--

1984-85 के प्रकाशन

(1) प्रतिभा-प्रसून (हाई स्कूल परीक्षा 1982 के प्रतिभाशाली परीक्षार्थियों के उत्कृष्ट उत्तर)।

(2) 10 वर्षीय नयी शिक्षा प्रणाली (अनुसरण विशेषांक)।

(3) कोमेट योजनान्तर्गत गणित-2 के पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन।

(4) कोमेट योजनान्तर्गत गणित के पाठ्यक्रम के नवीनीकरण हेतु आयोजित कार्य गोष्ठी की आख्या।

(5) उत्तर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा-एक संकल्पना।

(6) 1984-85 तक मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची भाग-1।

(7) 1984-85 तक मान्यता प्राप्त विद्यालयों की सूची भाग-2।

(8) व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत वाणिज्य वर्ग की कार्यशाला की आख्या।

(9) व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत कृषि वर्ग की कार्यशाला की आख्या ।

(10) विज्ञान–1 के प्रतिदर्श प्रश्नपत्रों के प्रारूप ।

(11) विज्ञान–2 के प्रतिदर्श प्रश्न पत्रों के प्रारूप ।

(12) जीव विज्ञान के प्रतिदर्श प्रश्न पत्रों के प्रारूप ।

(13) भूगोल के प्रतिदर्श प्रश्न पत्रों के प्रारूप ।

(14) व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत प्रस्तावित वाणिज्य वर्ग की आठ धाराओं के पाठ्यक्रम ।

माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षण योजना

कम्प्यूटर तकनीक का ज्ञान विज्ञान की अत्यन्त श्रेष्ठ उपलब्धियों में से एक है । विकसित देशों में आज कम्प्यूटर प्रणाली के उपयोग के कारण जीवन अत्यन्त गतिशील हो गया है । सावजनकि क्षत्र के प्रतिष्ठानों , व्यापारिक प्रतिष्ठानों , औद्योगिक प्रतिष्ठानों , वैज्ञानिक कार्यशालाओं और यहां तक कि आवासों में भी दिन प्रतिदिन के कार्यों में कम्प्यूटर का प्रयोग सामान्य ढंग से किया जा रहा है । कम्प्यूटर की कार्य-क्षमता तथा स्पष्टतया मनमोहक, सुखद और आश्चर्यजनक है । यदि हमें विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, प्रगति के पथ पर अग्रसर होना है तो कम्प्यूटर प्रणाली का तीव्रगति से विकास करना नितान्त आवश्यक है ।

कम्प्यूटर के महत्व को ध्यान में रखकर भूतपूर्व प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने इसे माध्यमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षण सामग्री के रूप में प्रयुक्त करने का निश्चय किया था और वर्तमान प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी द्रुतगति से इसके प्रचार–प्रसार के लिये प्रयत्नशील हैं ।

शैक्षिक सत्र 1984–85 से देश के 750 माध्यमिक विद्यालयों को कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा शिक्षण योजना के 'पाइलट प्रोजेक्ट में सम्मिलित किया गया है । इन विद्यालयों में केन्द्रीय विद्यालय तथा प्रादेशिक सरकारों के अधीन शासकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय सम्मिलित हैं । इसमें जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश के सबसे अधिक विद्यालय सम्मिलित है । छात्राओं के विद्यालयों और ग्रामीण अंचल के विद्यालयों को भी पाइलेट प्रोजेक्ट, में चुना गया है । इन विद्यालयों में से प्रत्येक विद्यालय के तीन-तीन शिक्षकों को कम्प्यूटर प्रणाली के प्रयोग संबंधी प्रशिक्षण की योजना राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा जून-जुलाई 1984 में संचालित की गयी थी । प्रत्येक विद्यालय में दो-दो माइक्रो कम्प्यूटर भी प्रदान किये जा चुके हैं जहां 18–20 आयु वग में कक्षा 11, 12 के छात्र 30–30 की टोलियों में इसके प्रयोग सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करते हैं ।

यहां यह बात स्पष्ट कर देना अनिवार्य है कि कम्प्यूटर का प्रयोग विज्ञान और गणित के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, भाषा-विज्ञान तथा समाज विज्ञान जैसे विषयों में भी इसका प्रयोग समान रूप से हो रहा है । पर्यावरण, और प्रदूषण संबंधी जानकारी और वीडियो गेम्स के लिये भी यह उतना ही महत्वपूर्ण है । वह दिन दूर नहीं जब हमारे देश के सामान्य नागरिक विशेष रूप से छात्र और अध्यापक कम्प्यूटरों का सहज प्रयोग करने लगेंगे ।

अध्याय 5

उच्च शिक्षा

प्रदेश में उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय समान मानी गई संस्थाओं सहित कुल 21 विश्वविद्यालय एवं 401 महाविद्यालय संचालित हैं, इन महाविद्यालयों में से 48 राजकीय एवं 353 अशासकीय हैं। कुल महिला महाविद्यालयों की संख्या 84 है।

वर्ष 1984–85 में कोई नया राजकीय महाविद्यालय नहीं खोला गया और वर्तमान महाविद्यालयों की गुणात्मक वृद्धि की ओर विशेष ध्यान दिया गया। बुन्देलखण्ड की छात्राओं को उच्च शिक्षा की विशेष सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से राजकीय महाविद्यालय बांदा का उच्चीकरण करने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है।

विभिन्न अशासकीय महाविद्यालयों की कार्य क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 1984–85 में अक्टूबर 1984 तक शिक्षकों के 75, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के 58 तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 30 पद सृजित किये गये। अशासकीय महाविद्यालयों की समस्याओं के निराकरण एवं उन पर प्रभावी नियंत्रण रखने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना परियोजना के अन्तर्गत इस वर्ष दूसरे क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना लखनऊ में की गई है। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ के क्षेत्र में कानपुर, लखनऊ तथा अवध विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालय होंगे। इस प्रकार अब दो क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किये जा चुके हैं।

अशासकीय महाविद्यालयों के गुणात्मक सुधार के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिये जा रहे अनुदान का उपभोग करने को प्रोत्साहित करने हेतु शासकीय अनुदान की राशि बढ़ाकर इस वर्ष 13 लाख रुपया कर दी गई है। इससे महाविद्यालयों को पर्याप्त मात्रा में उनके विकास तथा छात्रावासों में सुधार की सुविधा प्राप्त होगी।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों में स्वाध्याय एवं आत्म विश्वास जागृत करने के उद्देश्य से स्वतः रोजगार योजनान्तर्गत नई शिक्षा नामक परियोजना का कार्यान्वयन किया गया। प्रयोगात्मक तौर पर यह योजना अवध विश्वविद्यालय, फज़ाबाद में संचालित की गई है। इस परियोजना हेतु वर्ष 1984–85 में 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश शासन ने मेधावी छात्रों को प्रादेशिक स्तर पर पुरस्कृत करने की एक नई योजना आरम्भ की है जिसके अन्तर्गत कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि संकाय की वर्ष 1981 का विश्वविद्यालयी स्नातक परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 53 छात्र/छात्राओं को गत वर्ष 28 नवम्बर 1983 को सचिवालय लखनऊ में आयोजित एक समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस वर्ष स्नातक परीक्षा 1982 व 1983 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

उच्च शिक्षा की शिक्षण संस्थाओं की सूचना देने हेतु प्रयाग में लगने वाले माघ मेले के दौरान इस वर्ष भी एक प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है जिसमें माडलों के माध्यम से दर्शनार्थियों को प्रदेश के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी करायी जायेगी। गत वष इस प्रकार की आयोजित प्रदर्शनी 55 हजार से अधिक लोगों ने देखी और यह काफी लोकप्रिय सिद्ध हुई।

प्रदेश में उच्च शिक्षा में अध्ययनरत परिश्रमी तथा प्रभिभावान छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन तथा आर्थिक सहायता देने हेतु विभिन्न प्रकार की छात्र वृत्तियों, वृत्तिकाओं एवं पुस्तकीय सहायता संबंधी वर्ष 1984–85 के आयोजनेतर एवं आयोजनागत व्ययक का प्रावधान निम्नवत है:—

आयोजनेतर

आयोजनेतर व्ययक वर्ष 1984–85 स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर 1902 नवीन छात्रवृत्तियों तथा विगत वर्षों की स्वीकृत छात्रवृत्तियों का नवीनीकरण तथा शिक्षा संहिता के विभिन्न अनुच्छेदों के अनुसार आर्थिक सहायता, प्रतिरक्षा कर्मचारियों के आश्रितों, इण्डियन स्कूल आफ इंटर नेशनल स्टडीज के शोध छात्रों को छात्रवृत्ति/छात्रवेतन के निमित्त रु0 55,18 लाख धनराशि स्वीकृत करने का प्रावधान है। इन छात्रवृत्तियों तथा धनराशि के अन्तर्गत मुख्य-मुख्य छात्रवृत्तियों का विवरण निम्नवत् है:—

1—प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की सन्तानों को योग्यता छात्रवृत्ति के अन्तर्गत स्नातक स्तर से शोध कार्य करने वाले छात्रों को रु0 75 एवं रु0 100 छात्रवृत्ति तथा 110 एवं 125 रु0 छात्रावासी छात्रों को छात्रवृत्ति देने हेतु रु0 2.13 लाख का प्रावधान है। छात्रों से प्रगति आख्या प्राप्त होने पर इन छात्रवृत्तियों का नवीनीकरण किया जाता है।

2—केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित राष्ट्रीय योजना के अन्तर्गत हाई स्कूल की श्रेष्ठता सूची के आधार पर स्नातक कक्षाओं में तथा जो छात्र प्राविधिक शिक्षा में प्रवेश ले लेते हैं उन्हें 90 रुपया एवं 120 रु0 छात्रावासी धनराशि 140 रु0 एवं 170 रु0 प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है। इसी दर से इण्टरमीडिएट श्रेष्ठता की सूची के आधार पर वर्ष 1981 में 265 नवीन राष्ट्रीय छात्रवृत्ति का प्रादुर्भाव भारत सरकार द्वारा किया गया है। वर्ष 1982 में यह कोटा बढ़ाकर 453 एवं 1983 में 614 एवं 84 में 824 कर दिया गया है। यह छात्रवृत्ति प्रथम डिग्री कोर्स तक चालू रहेगी। इसी प्रकार स्नातक श्रेष्ठता सूची के आधार पर जो विश्वविद्यालय से प्राप्त होती है, स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं रु0 120 एवं रु0 170 छात्रावासों को प्रतिमाह की स्वीकृति की जाती है। इस हेतु रु0 44.70 लाख का बजट प्राविधान है।

3—प्रतिरक्षा कर्मचारियों के बच्चों को 300 छात्रवृत्तियों की स्वीकृति करने हेतु 60,000 रुपये का प्रावधान है तथा प्रतिरक्षा कर्मचारियों को मुफ्त शिक्षा हेतु 88,000 रुपये का बजट प्रावधान है।

4—इण्डियन स्कूल आफ इण्टरनेशनल स्टडीज जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में शोध कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश के दो छात्र/छात्राओं को रु0 300 प्रतिमाह की छात्रवृत्ति स्वीकृत करने हेतु 29,000 रु0 का प्रावधान है। यह छात्रवृत्ति शोधरत छात्रों को 4 वर्ष तक देय होती हैं।

5—स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों तथा आश्रितों को डिग्री स्तर पर छात्रवृत्तियों एवं आर्थिक सहायता स्वीकृत करने हेतु तथा उस पर व्यय हेतु रु0 3,88000 का प्रावधान है।

6—शासन द्वारा प्रतिरक्षा कर्मचारियों के आश्रितों को की छात्रावास में रहे हैं, कों मुफ्त भोजन की व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रस्ताव एवं धन की मांग शासन से की गयी है।

आयोजनागत

1—विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को नर्सरी एवं पुस्तकीय सहायता की धनराशि में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप रु0 8 लाख का वर्ष 1984–85 में प्रावधान है। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय छात्रवृत्ति स्वीकृति हेतु 1.36 लाख व्यय का बजट प्रावधान वर्ष 1984–85 में है।

2—पर्वतीय जिलों में सामान्य एवं प्राविधिक शिक्षा को ग्रहण करने हेतु छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं पुस्तकीय सहायता स्वीकृत करने हेतु वर्ष 1984–85 में रुपया 4 लाख का प्रावधान है।

3—पर्वतीय जिलों के असेक्ति क्षेत्रों के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृत करने हेतु वर्ष 1984–85 में रु0 8,34 लाख का प्रावधान है।

4—पर्वतीय अंचल में अध्ययनरत विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं को नर्सरी की धनराशि में बढ़ोत्तरी हेतु वित्तीय वर्ष 1984–85 में रु0 35,000 का प्रावधान है।

अध्याय 6

अध्यापक प्रशिक्षण

पूर्व माध्यमिक-स्तर

(1) शिशु शिक्षा संस्थाओं के लिये प्रशिक्षित अध्यापिकायें सुलभ कराने हेतु दो राजकीय तथा तीन अराजकीय शिशु प्रशिक्षण महाविद्यालय चल रहे हैं। इनमें दो वर्षीय सी0 टी0 (नर्सरी) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रति वर्ष 154 महिलाओं को प्रशिक्षित करने हेतु प्रवेश स्थान निर्धारित है।

(2) प्रारम्भिक विद्यालयों में प्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिका सुलभ कराने हेतु राजकीय दीक्षा विद्यालयों के पुनर्गठन के पश्चात् 65 राजकीय दीक्षा विद्यालय पुरुष के हैं जिनमें 4 राजकीय दीक्षा विद्यालय उर्दू इकाई के रूप में है तथा महिलाओं के 51 दीक्षा विद्यालय एवं 5 बी0 टी0 सी0 इकाई चल रहे हैं। प्रवेश क्षमता 25 प्रति पुरुष दीक्षा विद्यालय 20 प्रति महिला दीक्षा विद्यालय बी0 टी0 सी0 इकाई को मिलाकर है। इस हिसाब से 1525 (पुरुष) एवं 1120 (महिला) प्रति वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। 4 (चार) बी0 टी0 सी0 उर्दू इकाई हेतु चल रहे राजकीय दीक्षा विद्यालयों में प्रत्येक की प्रवेश संख्या 15 है जिसके हिसाब से कुल 60 उर्दू इकाई के अभ्यर्थी प्रति वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्राविधान है।

(3) वर्ष 1980-81 से प्रदेश के सभी राजकीय दीक्षा विद्यालयों पुरुष तथा महिला दोनों में पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक जनपद में एक पुरुष एवं एक महिला दीक्षा विद्यालय में प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है। जिसके अन्तर्गत सेवारत अध्यापकों को पुनर्बोधित करने की योजना है। इसमें प्रतिभागियों को 15 दिन का प्रशिक्षण अवधि का 75 रुपया दैनिक भत्ता एवं 25 रुपया यात्रा भत्ता देय है।

(4) वर्ष 1978 से बेसिक शिक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अशासकीय मान्यता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में और प्राइमरी स्कूलों के अध्यापक/अध्यापिकाओं की नियुक्ति के सेवा शर्तों के लागू होने के फलस्वरूप 30-6-78 तक मान्यता प्राप्त अशासकीय जूनियर हाई स्कूलों/प्राइमरी स्कूलों में पूर्व से कार्यरत अप्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिकाओं के विनियमितीकरण हेतु--

(क) जो अध्यापक/अध्यापिकायें 30-6-78 तक 10 वर्ष या उससे अधिक सेवा कर चुके थे उन्हें शासनादेशों के अनुसार बी0 टी0 सी0 प्रशिक्षण से मुक्ति प्रदान कर देने की व्यवस्था की गई।

(ख) जिन अध्यापक तथा अध्यापिकाओं का सेवाकाल 30-6-78 को पांच वर्ष से अधिक और दस वर्ष से कम था उन्हें कार्यरत अध्यापक प्रमाण पत्र परीक्षा (मिनिमाटेस्ट) के माध्यम से बी0टी0सी0 प्रशिक्षण में प्रशिक्षित कराने की व्यवस्था दी गई।

(ग) जिन अध्यापक/अध्यापिकाओं का सेवाकाल 30-6-78 को एक वर्ष से पांच वर्ष तक का था उन्हें पत्राचार प्रणाली से बी0 टी0 सी0 प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किये जाने का व्यवस्था की गई है।

(5) अप्रशिक्षित अध्यापकों को पत्राचार प्रणाली द्वारा बी0 टी0 सी0 का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु राज्य शिक्षण संस्थान उ0 प्र0, इलाहाबाद में एक पत्राचार प्रणाली केन्द्र स्थापित है जो पत्राचार प्रणाली द्वारा बी0 टी0 सी0 प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। कार्य तथा अनुभव पर आधारित कार्यरत अध्यापक प्रमाण-पत्र परीक्षा रजिस्ट्रार विभागीय परीक्षायें उ0 प्र0, इलाहाबाद द्वारा

आयोजित की गई। बी0टी0सी0 प्रशिक्षण से छूट देने का कार्य संबंधित संभागीय उप निदेशकों तथा बालिका विद्यालय निरीक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है।

(6) गृह विज्ञान तथा शारीरिक शिक्षा सम्बन्धी अध्यापक/अध्यापिकाओं को सी0टी0/सी0पी0एड0 स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु निम्नलिखित संस्थायें चल रही हैं:—

	पुरुष	महिला	योग
1—राजकीय गृह विज्ञान सी0टी0 कालेज	..	1	1
2—राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय	.. 1	1	2
3—सहायता प्राप्त शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय	.. 2	..	2

माध्यमिक स्तर

(क) माध्यमिक स्तर पर अध्यापकों को प्रशिक्षित करने हेतु प्रदेश में पांच राजकीय तथा सात अशासकीय एल0टी0 प्रशिक्षण महाविद्यालय है। इनमें से 2 महिलाओं के तथा 3 पुरुषों के राजकीय महाविद्यालय हैं। इन महाविद्यालयों में प्रवेश क्षमता निम्नवत् है:—

1—राजकीय केन्द्रीय अध्यापन, संस्थान, इलाहाबाद ..	.. 80
2—राजकीय महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद ..	.. 80
3—राजकीय महिला गृह विज्ञान प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद	.. 30
4—राजकीय बेसिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, वाराणसी 50 पुरुष—50 महिला	100
5—राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ 70 विज्ञान 70 रच0 15 कृषि	.. 155
6—के0पी0 प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद ..	.. 100
7—किशोरी रमण ट्रेनिंग कालेज, मथुरा	.. 80
8—डी0ए0वी ट्रेनिंग कालेज, कानपुर	.. 100
9—सकलडीहा प्रशिक्षण महाविद्यालय, वाराणसी ..	.. 100
10—दिग्विजयनाथ प्रशिक्षण महाविद्यालय, गोरखपुर (60 एल0टी0 सामान्य—60 एल टी0 कृषि)	.. 120
11—किसान प्रशिक्षण महाविद्यालय, बस्ती	.. 80
12—क्रिश्चियन ट्रेनिंग कालेज, लखनऊ—80, 20 अंग्रेजी माध्यम	.. 100

(क्रिश्चियन ट्रेनिंग कालेज में निर्धारित कुल स्थान का 5% प्रतिशत स्थान क्रिश्चियन अभ्यर्थियों के लिये सुरक्षित है)।

इस प्रकार एल0 टी0 स्तर के प्रशिक्षण हेतु 1125 अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था है। राजकीय महिला गृह विज्ञान प्रशिक्षण महाविद्यालय, इलाहाबाद में प्रवेश अर्हता में इस वर्ष 1982—83 से विशेष शिथिलता प्रदान की गई है जिसके अनुसार बी0ए0 में एक विषय गृह विज्ञान में उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी प्रवेश हेतु अर्ह है।

(8) उपर्युक्त संस्थाओं के अतिरिक्त मनोविज्ञान शाला, उ0 प्र0, इलाहाबाद में डिप्लोमा इन गाइडेंस साईकलाजी प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध है जिसके अनुसार 15 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाता है। प्रशिक्षण की अवधि अगस्त से अगले वर्ष की माह मई तक है तथा

प्रवेशार्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता एम0ए0 (मनोविज्ञान) अथवा एम0 एड0 में द्वितीय श्रेणी है। शिक्षा विभाग के राजकीय कर्मचारियों को भी यह प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा रखी गई है।

(9) वर्ष 1980–81 से प्रदेश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लिये पुनर्शिक्षण एवं पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण संबंधी सतत शिक्षा/पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ की गई है। सतत शिक्षा योजना राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के सहयोग से निम्न 12 केन्द्रों पर चलाई जा रही हैं :—

1—राजकीय सेन्ट्रल पेडागाजिकल इन्स्टीट्यूट, इलाहाबाद।

2—राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ।

3—राजकीय बेसिक ट्रेनिंग कालेज, वाराणसी।

4—पीताम्बर दत्त बर्थवाल राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार, पौड़ी।

5—दयालबाग, शिक्षण संस्थान, दयालबाग, आगरा।

6—मेरठ, कालेज, मेरठ।

7—शिक्षा विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़।

8—स्वामी सुकदेवानन्द महाविद्यालय, शाहजहांपुर।

9—शिक्षा विभाग गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स डिग्री कालेज, मुरादाबाद।

10—आर0 आर0 डिग्री कालेज, अमेठी, सुल्तानपुर।

11—शिक्षा विभाग, गोरखपुर, वि0 वि0, गोरखपुर।

12—क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, झांसी।

उक्त प्रशिक्षण का कार्यक्रम उपरलिखित केन्द्रों पर इस दृष्टिकोण से चलाया जा रहा है कि वे 10 वर्षीय पाठ्यक्रम एवं नवीन विषय वस्तु से संबंधित हो सकें। प्रशिक्षण दिया जाना निर्धारित है। इस पुनर्शिक्षण कार्य के सम्पादन हेतु केन्द्रों के समन्वयकों को तथा उनके सहयोगियों को निर्धारित दरों पर मानदेय तथा शिक्षण प्रशिक्षणार्थियों को टी0 ए0 एवं डी0ए0 भी देय है।

पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण योजना विभागीय योजना है जो एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 के सहयोग प्राप्त उपर्युक्त पुनर्शिक्षण योजना के साथ चलाई जा रही है। इस योजना के लिये पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण का कार्य नियमित कार्यकाल में ही संचालित किया जाता है जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थाओं के निर्धारित प्रवेश संख्या में 20 अभ्यर्थियों की कटौती कर दी गई है। उपर्युक्त योजनाओं के 10 वर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विज्ञान के एक अध्यापक को जिला स्तर पर विज्ञान में पुनः शिक्षण दिया गया है।

(10) रीजनल कालेज आफ एजूकेशन अजमेर द्वारा अयोजित ग्रीष्मकालीन एवं पत्र व्यवहार बी0 एड0 पाठ्यक्रम में अप्रशिक्षित अध्यापकों को भेजने की भी सुविधा उपलब्ध है जिसमें प्रवेश लेने वाले अध्यापकों में से 30 अध्यापकों का विभाग द्वारा वरीयता के आधार पर मनोनयन किया जाता है।

(11) प्रदेश की विशिष्ट शैक्षिक संस्थाओं के कार्यकलापों में समन्वयन एवं एक सूत्रता बनाये रखने की आवश्यकता को समझते हुये कतिपय अन्य राज्यों की भ ति इस प्रदेश में भी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना की गई है जो इन संस्थाओं को दीर्घकालीन नियोजित कार्यक्रम कार्यप्रणाली और उपलब्धियों को नवचेतना प्रदान करेगी।

शारीरिक शिक्षा सम्बन्धी अध्यापकों को प्रशिक्षण देने हेतु एल 0टी 0/सी 0टी 0 स्तर पर डी 0पी 0एड 0/सी 0पी 0 एड 0 प्रशिक्षण की व्यवस्था निम्नलिखित संस्थाओं में उपलब्ध है।

क्रम	प्रशिक्षण महाविद्यालयों का नाम	पाठ्यक्रम	निर्धारित प्रवेश सं 0
1	2	3	4
1	राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय रामपुर।	1—डी 0पी 0एड 0	50
		2—सी 0पी 0एड 0	50
2	राजकीय महिला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय इलाहाबाद।	1—डी 0पी 0एड 0	25
		2—सी 0पी 0एड 0	25
3	श्री गान्धी स्मारक शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय—समोघपुर, जौनपुर।	सी 0पी 0एड 0	50
	क्रिश्चियन कालेज आफ फिजीकल एजूकेशन, लखनऊ।	1—डी 0पी 0एड 0	30
		2—सी 0पी 0एड 0	60
	(क्रिश्चियन कालेज आफ फिजीकल एजूकेशन लखनऊ में निर्धारित कुल स्थानों के प्रतिशत स्थान क्रिश्चियन अभ्यर्थियों के लिये सुरक्षित हैं।)		15

13—आवासीय विद्यालयों में मनोवैज्ञानिक सेवा की व्यवस्था :

एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा के आधार पर प्रदेश के बालकों में मेधावी छात्रों का चयन करके उन्हें आवासीय शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना चल रही है। यह छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त करते हैं। अतएव उनके समक्ष समायोजन संबंधी अनेक समस्यायें उत्पन्न होती है। उन समस्याओं तथा उनके मनोवैज्ञानिक परीक्षण की दिन प्रतिदिन की प्राप्त परीक्षा आख्या को देखने तथा उससे विद्यालयों को अवगत कराने हेतु आवासीय विद्यालयों में स्कूल कौंसलर की नियुक्ति की गयी है। इस योजना के अंतर्गत लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर एवं आगरा में स्थापित आवासीय विद्यालयों में स्कूल कौंसलर की नियुक्ति के आदेश प्रयोगात्मक आधार पर निर्गत कर दिये गये हैं।

अध्याय 7

प्रौढ़ शिक्षा

अन्य प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश में निरक्षरता उन्मूलन हेतु प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम वर्ष 1979–80 में प्रदेश के चुने हुए 32 जनपदों के 64 विकास खण्डों में 15–35 वय वर्ग के लक्ष्य समूह को साक्षर बनाने के लिये संचालित किया गया। प्रौढ़ शिक्षा के नवीन कार्यक्रम की संकल्पना के अनुसार लोगों को साक्षर बनाना ही पर्याप्त नहीं है, अपितु उनकी व्यावहारिक कुशलता बढ़ाना और उनमें सामाजिक चेतना जागृत कर उनको बेहतर नागरिक भी बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य अपवंचित एवं दलित वर्ग के लोगों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाना है। इस कार्यक्रम द्वारा यह प्रयास किया जाता है कि–शिक्षा का लाभ ऐसे कृषकों एवं मजदूरों को मिल सके जो निरन्तर परिश्रम का जीवन व्यतीत करते हैं स्कूली शिक्षा से वंचित रह गये हैं और निरक्षरता के कारण अन्य विकास कार्यक्रमों से समुचित लाभ नहीं उठा सके, जो शासन द्वारा उनके लिये समय समय पर चलाये गये थे। कार्यक्रम में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ी जाति अल्पसंख्यक व्यक्तियों को केन्द्रों पर आने के लिये विशेष रूप से प्रेरित किया जाता है तथा उनकी आवश्यकताओं से सम्बन्धित जानकारी/सुविधायें उन्हें उपलब्ध कराये जाने का भी प्रयास होता है।

वर्ष 1981 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर देश में साक्षरता का प्रतिशत 36.17 है और राज्य में साक्षरों का प्रतिशत 27.38 है। राज्य में साक्षर पुरुष 38.87 और महिलायें 14.42 प्रतिशत हैं प्रदेश के 57 जनपदों में से 44 जनपदों में साक्षरता का प्रतिशत राष्ट्रीय स्तर से कम है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के मध्य महिलाओं की निरक्षरता की स्थिति सोचनीय है। प्रदेश में 8 करोड़ व्यक्ति निरक्षर हैं। इनमें 15–35 वय वर्ग के प्रौढ़ों की संख्या लगभग 203 लाख थी। प्रदेश में सबसे अधिक साक्षरता जनपद देहरादून (52.84 प्रतिशत) में है और इसके विपरीत बदायूं जनपद में साक्षरता प्रतिशत मात्र 16.03 है। संपूर्ण प्रदेश में 20 प्रतिशत साक्षरता से कम वाले जनपद 6 हैं। 20 से 25 प्रतिशत के मध्य 15 जनपद हैं और 25 से 30 प्रतिशत साक्षरता वाले जनपदों की संख्या 16 है। 8 जनपदों में साक्षरता का औसत 30 से 36 प्रतिशत के मध्य है और 36 प्रतिशत से अधिक साक्षरता वाले जनपदों की संख्या मात्र 11 है।

उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम वर्ष 1979–80 के अन्तिम त्रैमास में प्रारम्भ किया गया। वर्ष के अन्तिम चरण में प्रारम्भ होने के कारण 10 मास की अवधि वाली यह परियोजनायें वर्ष 1980–81 के मध्य तक संचालित रहीं। कुल 9600 केंद्रों के लक्ष्य के प्रति 9563 केन्द्र भारत सरकार की परियोजनाओं में तथा 23 25 केन्द्र विभिन्न संगठनों द्वारा खोले गये जिन पर पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या 5,21,296 थी। इनमें से 5127 केन्द्र (प्रतिभागी 91,865) वर्ष 1979–80 में खोले जा चुके थे।

वर्ष 1981–82 में केन्द्र पोषित 32 परियोजनाओं के अतिरिक्त राज्य शासन के संसाधनों से 300 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों की 3 परियोजनायें तथा 100 केन्द्रों की 11 परियोजनायें भी प्रारम्भ की गई थी। इस वर्ष प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम प्रदेश के 44 जनपदों के 81 विकास खण्डों में संचालित रहा और 11,490 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र राजकीय

कार्यक्रम के अन्तर्गत खोले गये। अन्य एजेन्सियों द्वारा भी 1287 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र संचालित हुये। इस वर्ष सभी प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों पर कुल 3,61908 व्यक्तियों को पंजीकृत किया गया जिनमें, 2,27,896 पुरुष तथा 1,34,012 महिलायें थीं।

वर्ष 1982–83 में केन्द्र पोषित 300 प्रौढ़शिक्षा केन्द्रों की 32 परियोजनाओं के तृतीय चक्र में समस्त 9600 केन्द्र खोले गये तथा राज्य कार्यक्रम के अन्तर्गत भी द्वितीय चक्र के समस्त 2000 केन्द्र खोले गये। इसी वर्ष डिग्री कालेज, द्वारा 494 नेहरू युवक केन्द्र द्वारा 928 और स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा 60 केन्द्र संचालित किये गये। इन सभी केन्द्रों पर पंजीकृत प्रतिभागियों की संख्या 3,73,041 थी जिसमें पुरुष 2,28,644 और महिलायें 1,44,397 थीं।

वर्ष 1983–84 में केन्द्र शासन द्वारा उक्त परियोजनाओं के अतिरिक्त 300 केन्द्रों वाली 13 और परियोजनाएं स्वीकृत की गई तथा राज्य शासन द्वारा जो मैदानी क्षेत्र के 10 जनपदों में 100 केन्द्रों वाली परियोजनायें संचालित थी उसमें एक अतिरिक्त विकास खण्ड तथा 200 केन्द्र और बढ़ाकर 300 केन्द्रों वाली परियोजनायें संचालित की गई। नैनीताल जनपद के ओखल काण्डा विकास खण्ड में 100 केन्द्रों की एक परियोजना पूर्ववत संचालित रहे वर्ष 1983–84 में शासकीय कार्यक्रम के अन्तर्गत 17,500 केन्द्र संचालित रहीं जिनमें केन्द्रीय कार्यक्रम के केन्द्र 13500 और राज्य कार्यक्रम के केन्द्रों की संख्या 4000 थी। अन्य एजेंसियों द्वारा 1802 केन्द्र संचालित किये गये जिनमें स्वैच्छिक संस्थाओं के केन्द्रों की संख्या 700, नेहरू युवक केन्द्र की संख्या 498 और विश्व विद्यालयों/ डिग्री कालेज, के केन्द्रों की संख्या 604 थीं। समस्त 19302 केन्द्रों पर 5,75,095 प्रतिभागी पंचीयत थे जिनमें पुरुषों की संख्या 3,52,378 और महिलाओं की संख्या 2,22,717 थी। अनुसूचित जाति के प्रतिभागियों की संख्या 1,99,592 जनजाति के प्रतिभागियों की संख्या 7,238 थी।

वर्ष 1984–85 में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम भारत सरकार के वित्तीय संसाधनों से अब प्रदेश के समस्त 56 जनपदों में संचालित है। राज्य कार्यक्रम में अभी 300 केन्द्रों वाली 13 और 100 केन्द्रों वाली 1 परियोजना प्रति जनपद एक की दर से 14 जनपदों में संचालित है। शासकीय कार्यक्रम के 20234 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र संचालित रहे जिनके द्वारा 5,92,658 प्रतिभागियों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित 3102 केन्द्रों के माध्यम से 89625 प्रतिभागी लाभान्वित किये गये। समस्त 704260 प्रतिभागियों में से 425285 महिलायें, 253536 अनुसूचित जाति तथा 8064 अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति लाभान्वित किये गये हैं।

भारत सरकार द्वारा प्रदेश में 300 केन्द्रों वाली 63 परियोजनायें स्वीकृत हैं: जिनके आगामी वर्ष में और बढ़ जाने की संभावना है। राज्य कार्यक्रम में जिला योजना के अन्तर्गत 300 केन्द्रों वाली 17 अन्य परियोजनाओं की स्वीकृति भी जानी है, जो वित्तीय वर्ष 1985–86 में विचाराधीन हैं।

लक्ष्य एवं उपलब्धि वर्षवार

उपलब्धि (लाभान्वित प्रतिभागी)

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि कुल	महिला	अनुसूचित जाति	जनजाति
1980–81	310,800	321,296	103814	83297	7723
1981–82	339000	361908	134012	119409	6462
1982–83	348000	373041	144397	125852	5600
1983–84	550000	575095	222717	199592	7238
1984–85	690000	704260	425285	253536	8064

महिला साक्षरता पुरस्कार

महिला साक्षरता की दिशा में प्रदेश की अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुये उत्तर प्रदेश को वर्ष 1984–85 में रु0 38.25 लाख का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसमें रु0 25 लाख प्रदेश को विशेष अग्रणी कार्य हेतु रु0 3 लाख सर्वोत्कृष्ट जनपद पौड़ी गढ़वाल को तथा 5000 प्रति प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र की दर से सर्वोत्तम कार्य करने वाले 205 महिला केन्द्रों को भारत सरकार द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया है।

यूनेस्को पुरस्कार

महिला साक्षरता के प्रसार एवं सामुदायिक सहभागिता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुये, वर्ष 1984 में इस प्रदेश को यू0एस0एस0 आर0 द्वारा प्रायोजित तथा यूनेस्को द्वारा निर्णीत नटेझपा के0 कुपस्कया पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90)

योजनान्तर्गत 15–35 वय वर्ग के निरक्षर 205 लाख व्यक्तियों को सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि में साक्षर किया जाना है परन्तु सीमित साधनों के कारण विभिन्न स्रोतो से निम्नवत् व्यक्ति ही साक्षर किये जा सकेंगे :—

क्रमांक	स्तर		लाख रुपये में आयोजनागत पक्ष से
1	2		
1	केन्द्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत	..	25.20
2	प्रदेशीय कार्यक्रम के अन्तर्गत	..	10.26
3	नेहरू युवक केन्द्रों के अन्तर्गत	..	7.20
4	महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा	..	6.47
5	विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा	..	6.58
	योग	..	55.71

अनुवान कार्यक्रम

प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों पर लाभान्वित व्यक्ति पुनः निरक्षरता की ओर न चले जायें इस दृष्टि से अनुगमन कार्यक्रम भी आरम्भ कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की प्रगति

विवरण	उपलब्धि				
	1080–81	81–82	82–83	83–84	84–85 दिसम्बर 84 तक
1—केन्द्रीय कार्यक्रम					
अ—कुल केन्द्र	9563	9538	9600	13500	16234
ब—कुल प्रतिभागी	252206	269672	284359	403662	491776
2—राज्य कार्यक्रम					
अ—केन्द्र	..	1952	2000	4000	4000
ब—प्रतिभागी	..	53427	58916	119496	122859
3—अन्य संस्थायें					
अ—केन्द्र	2325	1287	1182	1802	3102
ब—प्रतिभागी महिला	23080	38809	29766	51937	89625
योग केन्द्र	11888	12777	12782	19302	23336
योग प्रतिभागी	321296	361908	373041	575095	704260
महिला प्रतिभागी	103814	134012	144397	222717	425285
कुल प्रतिभागियों में					
अनुसूचित जाति	52533	119409	125852	199592	237969
अनुसूचित जनजाति	6573	6462	5600	7238	6078

उ.प्र. में प्रौढ़ शिक्षा के पंजीयन की प्रगति

(31-12-84)



अध्याय 8

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम

उद्देश्य—

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये छठीं पंचवर्षीय योजना में भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश में वर्ष 1979–80 से अनौपचारिक शिक्षा योजना अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के पूरक के रूप में चलाई जा रही है। इस योजना में 9–14 वय वर्ग के उन बालक/बालिकाओं को शिक्षा देने की व्यवस्था है। जो आर्थिक, सामाजिक अथवा अन्य किसी कारण से विद्यालयी शिक्षा नहीं प्राप्त कर सके हैं अथवा किन्हीं परिस्थितियों के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के लिये विवश हो गये हैं। ऐसे बालक/बालिकायें शिक्षा से सदैव वंचित न रह जायें, उन्हें उनके स्थान एवं समय की सुविधानुसार शिक्षा देने की व्यवस्था इस योजना में की गयी है।

आबादियों का चयन

सन् 1978 में शैक्षिक सर्वेक्षण हुआ था। इस सर्वेक्षण में जिन विकास खंडोंको शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा हुआ इंगित किया गया है, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र खोलने के लिये उनका चयन अवरोही क्रम में किया जा रहा ह। प्रदेश में इस समय 895 विकास खंड हैं। इसमें से वर्तमान वित्तीय वर्ष 1984–85 तक प्रदेश के 48 मदानी जनपदों के 464 एवं 8 पर्वतीय जनपदों के 72 विकास खंडों में इस योजना का विस्तार हो जाने का लक्ष्य था जिसमें से मैदानी जनपदों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया ह तथा पर्वतीय जनपदों के लिये वर्तमान वर्ष की स्वीकृति प्राप्त हो जाने पर लक्ष्य पूरा हो जायगा। इन केन्द्रों क संचालित हो जाने पर उक्त समस्त विकास खंडों में 50–50 प्राइमरी स्तर के केन्द्र स्थापित हो जायेंगे। इसी प्रकार मैदानी जनपदों के 8 विकास खंडों में 15/8–7 तथा पर्वतीय जनपदों के विकास खंडों में 10/5–5 मिडिल स्तर के केन्द्र संचालित हो जायेंगे।

उपर्युक्त के अतिरिक्त वर्तमान वित्तीय वर्ष में भारत सरकार के 90 प्रतिशत आर्थिक सहायता से बालिकाओं के 3200 प्राइमरी स्तर क केन्द्र पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी तथा टेहरी गढ़वाल जनपद को छोड़कर समस्त जनपदों में 50–50 केन्द्र खोलने का प्रस्ताव है, इसमें से लखनऊ, बलिया तथा अलीगढ़ में प्रति जनपद 250 केन्द्र खोलने का लक्ष्य है। इसके साथ ही नारवे तथा स्वीडेन की सहायता से लखनऊ, रायबरेली तथा मिर्जापुर जनपदों में भी आई0 सी0 डी0 एस0 कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 विकास खंडों में 100 केन्द्र प्रति विकास खंड खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

केन्द्र स्थल

अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र बेसिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित अथवा मान्यता प्राप्त प्राइमरी तथा जूनियर हाई स्कूलों म रखे गये हैं। पंचायत घर सामुदायिक केन्द्र पूजा-स्थल, निजी आवास अथवा अन्य किसी भवन में भी बालक/बालिकाओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह शिक्षा केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं।

अध्यापकों का चयन

अनौपचारिक शिक्षा के लिये शिक्षकों को चयन गांवों में स्थानीय निवास करने वाले शिक्षक, अवकाश प्राप्त शिक्षक, प्रशिक्षित बेरोजगार युवक या हाई स्कूल बेरोजगार युवक में से किया जाता है। महिलाओं को चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाती है।

शिक्षण अवधि एवं पाठ्य सामग्री

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम में प्राइमरी स्तर की शिक्षा 2 वर्षों में तथा मिडिल स्तर की शिक्षा 3 वर्षों में पूरी करने की योजना बनाई गई है। इस पांच वर्ष की शिक्षा के लिये ज्ञानदीप भाग 1 से 5 तक पाठ्य पुस्तकों की रचना की गयी है। ज्ञानदीप भाग 1 और 2 प्राइमरी स्तर के प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिये और ज्ञानदीप भाग–3; 4 एवं 5 क्रमशः कक्षा–6, 7 और 8 के छात्रों के लिये हैं।

प्रशासनिक तन्त्र

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक तन्त्र को सुदृढ़ किया गया है। राज्य स्तर पर इस कार्यक्रम की संयुक्त शिक्षा निदेशक, सहायक शिक्षा निदेशक एवं अपर शिक्षा निदेशक द्वारा नियमित मानीटरिंग की जाती है। मंडल स्तर पर मंडलीय उप–शिक्षा निदेशक, विशेष कार्याधिकारी अनौ0 शिक्षा द्वारा कार्यक्रम देखा जाता है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अपर उप विद्यालय निरीक्षक कार्यक्रम को देखते हैं। विकास खंड स्तर पर पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है जो कार्यक्रम के निरीक्षण, नियमन एवं मानीटरिंग के लिये उत्तरदायी बनाये गये हैं।

मूल्यांकन

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन की व्यवस्था की गयी ह, जिसके अन्तर्गत छात्रों का मूल्यांकन केन्द्र का मूल्यांकन तथा कार्यक्रम का मूल्यांकन किया जाता है। छात्रों की प्रगति के निरन्तर मूल्याकन की व्यवस्था की गयी ह। छात्रों द्वारा निर्धारित अवधि की शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत गुणात्मक आगणन के आधार पर अगली कक्षाओं में प्रोन्नति की व्यवस्था है। वर्ष 1984-85 में आयोजित परिणाम निम्नवत् है:

	पंजीकृत	सम्मिलित	प्रगति	विवरण
प्राइमरी	212643	162846	152061	52 जनपद की सूचना
मिडिल	16751	10152	7337	तदैव

अनौपचारिक शिक्षा योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 1984–85 में माह अक्टूबर 1984 के प्रगति के अनुसार 48 मैदानी जनपदों में 20,061 प्राइमरी तथा 3543 मिडिल स्तर के कन्द्र सम्मिलित हैं। 18 पर्वतीय जनपदों में प्राइमरी स्तर के संचालित केन्द्रों की संख्या 2344 तथा मिडिल स्तर के केन्द्रों की संख्या 296 है। इन केन्द्रों में आयोजित छात्रों की संख्या का विवरण निम्नवत् रहा। विस्तृत विवरण परिशिष्ट 23 पर अंकित है।

मैदानी क्षेत्र	बालक	बालिका	योग
प्राइमरी स्तर ..	278489	193878	472367
मिडिल स्तर ..	57608	19412	77020
पर्वतीय क्षेत्र ..			
प्राइमरी स्तर ..	19370	15780	35150
मिडिल स्तर ..	2746	1821	4567

पर्यवेक्षण

अनौपचारिक शिक्षा योजना के नियमित रूप से पर्यवेक्षण की व्यवस्था की गयी है। योजनान्तर्गत अब तक प्रत्येक 50 प्राइमरी स्तर के केन्द्रों पर एक एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति का प्रस्ताव था। इसके अन्तर्गत वर्ष 1980–81 के केन्द्रों हेतु 112 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 1984–85 में 224 पर्यवेक्षकों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इनकी नियुक्ति के संबंध में आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। शेष वर्षों के केन्द्रों के पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक प्राइमरी स्तर के 40 केन्द्रों पर एक पर्यवेक्षक के पद की व्यवस्था के लिये शासन से अनुरोध किया गया जा रहा है। इसी के आधार पर छठी योजनान्तर्गत कुल खोले गये केन्द्रों पर प्राइमरी स्तर के केन्द्रों के लिये 700 पर्यवेक्षकों के पद आते हैं। इस आधार पर अब तक शासन द्वारा स्वीकृत 336 पदों के अतिरिक्त शेष 364 पदों की मांग शासन से की जा रही है।

अध्याय—9

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना वर्ष 1981 में निम्नलिखित प्रमुख उद्देश्य की पूर्ति हेतु की गई है :—

(क) शिक्षा में स्वयं अनुसंधान करना, अनुसंधानों का समन्वय करना तथा उनको प्रोत्साहित करना।

(ख) सेवा-पूर्व और सेवारत, मुख्यतः उच्च स्तरीय, प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

(ग) ऐसी संस्थाओं को परामर्श सेवा प्रदान करना जो शैक्षिक अनुसंधान/प्रशिक्षण में विद्यालयों के विस्तार सेवा में कार्यरत हो।

(घ) उन्नत शैक्षिक विधियों और कार्यक्रमों से विद्यालयों तथा प्रशासकों को अवगत कराना।

(च) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राज्य के शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ कार्य करना अथवा उन्हें सहायता देना।

(छ) विद्यालय स्तरीय शिक्षा संबंधी उन्नत विचारों तथा सूचनाओं का एकत्रीकरण और प्रसारण।

(ज) राज्य प्रशासन को तथा अन्य संगठनों को विद्यालय स्तरीय शिक्षा के स्तरोन्नयन के संबंध में परामर्श देना।

(झ) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिये आवश्यक पुस्तकों, सामग्री, पत्रिकाओं तथा अन्य साहित्य का निर्माण तथा प्रकाशन।

(ट) ऐसे सभी कृत्यों का करना, जो परिषद् अपने प्रमुख उद्देश्यों के लिये आवश्यक अनिवार्य या लाभप्रद समझे, शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देना, शैक्षिक कार्यकर्ताओं का उच्च स्तरीय व्यवसायिक प्रशिक्षण और विद्यालयों में विस्तार सेवा की सुविधा देना।

(ठ) राज्य सरकार द्वारा संदर्भित शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण संबंधी अन्य कार्य सम्पादित करना।

इन उद्देश्यों के सन्दर्भ में स्पष्ट करना समीचीन होगा कि शैक्षिक अनुसंधान, नीति-निर्धारण, स्कूलों में अध्यापन तथा शैक्षिक प्रशासन और नियोजन में गुणता, उन्नति और सुधार के उपायों से संबंधित होंगे। मूल अनुसंधान विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् या अन्य संस्थाओं को सहयोग देने और सहकारिता के आधार पर सम्बद्ध होने तक सीमित रह जायगा। अनुसंधानों में कार्यरत शोध (एक्शन रिसर्च) को भी प्रमुखता दी जायेगी, जिससे कार्यरत अध्यापकों और विद्यालयों को भी उन्नत विधियां विकसित करने में प्रोत्साहन मिले। प्रशिक्षण के क्षेत्र में मुख्यतः सेवारत प्रशिक्षण के कार्यक्रम लिये जायेंगे, जिनमें अध्यापकों के अतिरिक्त शैक्षिक प्रशासकों तथा नियोजकों का प्रशिक्षण भी सम्मिलित होगा।

2--परिषद् का गठन निम्नवत् है :--

(1)	शिक्षा मंत्री	अध्यक्ष
(2)	शिक्षा सचिव	उपाध्यक्ष
(3)	वित्त सचिव या उनके प्रतिनिधि	सदस्य
(4)	राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के प्रतिनिधि	सदस्य
(5)	राष्ट्रीय योजना एवं प्रशासन संस्थान, दिल्ली के प्रतिनिधि	सदस्य
(6)	शिक्षा निदेशक	सदस्य
(7)	श्री श्रीनिवास शर्मा, सेवा निवृत्त शिक्षा निदेशक, सी-46, निराला नगर लखनऊ।	सदस्य
(8)	श्रीमती शान्ति तनखा, सेवा निवृत्त प्रधानाचार्या, चाइना गेट (अमेरिकन लाइब्रेरी के सामने), लखनऊ।	सदस्य
(9)	निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश।	सदस्य सचिव

3--परिषद के निम्नलिखित विभाग, संबंधित संस्थाओं/कार्यालयों के माध्यम से परिषद् के निदेशक, जो इनके विभागाध्यक्ष भी हैं, के सीधे नियन्त्रण में कार्य करती हैं:--

1—आरम्भिक शिक्षा विभाग	..	राज्य शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद
2--मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग	..	राज्य केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद।
3--गणित और विज्ञान विभाग :	..	राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद।
4--मनोविज्ञान और निदेशन विभाग	..	मनोविज्ञान शाला, इलाहाबाद।
5--शैक्षिक तकनीकी विभाग	..	शैक्षिक तकनीकी संस्थान, लखनऊ तथा शिक्षा प्रसार कार्यालय, इलाहाबाद।
6--हिन्दी भाषा विभाग	..	राज्य हिन्दी संस्थान, वाराणसी।
7--अंग्रेजी भाषा विभाग	..	अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थान, इलाहाबाद।
8--प्रकाशन विभाग	..	पाठ्य पुस्तक अधिकारी लखनऊ।

4--शिक्षा के क्षेत्र में जो समस्यायें हैं उनके निदान के लिये नये प्रयोगात्मक कार्यक्रमों और व्यावहारिक तथा उपयोगी, शोधों, प्रयोगों, सर्वेक्षणों, अध्ययनों और अनुसंधानों की आवश्यकता है। इनके अतिरिक्त इस बात की भी आवश्यकता है कि जो अनुसंधान विभिन्न संस्थानों या एन० सी० ई० आर० टी० द्वारा पूर्व में किये गये हैं, उनके निष्कर्षों की जानकारी अध्यापकों और प्रशासकों को कराई जाये। शिक्षा के वे विषय जिन पर विशेष ध्यान दिया जाता है और जिनकी समस्याओं के विषय में कार्य तत्काल किया जाना है वे शिक्षा के सार्वजनीकरण,

दस वर्षीय पाठ्यक्रम, विज्ञान शिक्षा की समस्या, सामाजिक विज्ञान की नयी संकल्पना और उसकी शिक्षण विधि अंग्रेजी भाषा के शिक्षण के गिरते हुए स्तर के सुधार की समस्या, जनसंख्या शिक्षा, राष्ट्रीय एकीकरण के लिये मानवीय मूल्य की शिक्षा, नये दस वर्षीय पाठ्यक्रम के लिये अध्यापकों के प्रशिक्षण में संशोधन, शिक्षा के व्यवसायीकरण के संदर्भ में छात्रों को उपयुक्त मनोवैज्ञानिक निर्देशन आदि हैं। इसमें से प्रत्येक पर प्रयोगात्मक कार्य व्यवहारिक शोध और उपयुक्त प्रकाशन तथा अध्यापकों और प्रशासकों के मार्गदर्शन एवं उनमें विशेषज्ञता की वृद्धि हेतु तथा गुणात्मक सुधार कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

5—परिषद् के अन्तर्गत विभिन्न इकाइयों में प्रमुखतः पुनर्शिक्षण (सेवारत) के अन्तर्गत ऐसे कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं और भविष्य में लिये जायेंगे जिनका राज्य के स्कूल स्तर की शैक्षिक समस्याओं, और शिक्षा विकास तथा स्तरोन्नयन से (प्रत्यक्ष) संबंध है। प्रशिक्षण के अन्तर्गत कार्यक्रमों का विवरण निम्नलिखित है :—

नये कार्य क्रम

(1) प्रचलित कार्यक्रमों के अतिरिक्त एक नये कार्यक्रम के अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अन्य विद्यालयों के अध्यापकों को प्रक्षेप उपकरणों और कम व्यय के उपकरणों के व्यवहारिक उपाय तथा फिल्म स्क्रिप्ट/स्लाइड बनाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(2) राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रोन्नति से नियुक्त होने वाले प्रधानाध्यापकों को शैक्षिक प्रबन्ध तथा प्रशासन में दक्षता के लिये एक प्रशिक्षण देने की योजना प्रारम्भ कर दी गई है।

(3) राष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से अनुसंधान की विधियों और मूल्यांकनों की नई विधियों में अधिकारियों का प्रशिक्षण कराया गया।

(4) सामुदायिक गायन में संगीत अध्यापकों का प्रशिक्षण कराया गया।

(5) गणित की नवीन शिक्षा "कामेट" के अन्तर्गत प्रशिक्षण।

सेवापूर्व प्रशिक्षण

क—राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद में एल0 टी0 (सामान्य) स्नातकोत्तर शिक्षक-प्रशिक्षण-पाठ्यक्रम तथा उपचारात्मक शिक्षा-विशेषीकरण के प्रशिक्षण चल रहे हैं। उप-चारात्मक शिक्षा में दक्षता-विषयक कार्यक्रम मात्र इस संस्थान में ही चलता है। एल0 टी0 पाठ्यक्रम मे सभी प्रशिक्षणार्थी इसमें सम्मिलित रहते हैं।

ख—मनोविज्ञानशाला, इलाहाबाद में 10 माह की अवधि का मनोवैज्ञानिक निर्देशन नामक एक डिप्लोमा प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बौद्धिक व्यक्तित्व परीक्षणों का व्यावहारिक ज्ञान कराना, निर्देशन और परामर्श की व्यावहारिक उपयोगिता से परिचय कराना तथा आधुनिक मनोविज्ञान के सिद्धान्तों व सांख्यिकी का पूर्ण बोध कराना है।

सेवाकालीन प्रशिक्षण

क—राज्य शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद

1—पत्राचार प्रणाली द्वारा बी0 टी0 सी0 प्रशिक्षण। इसमें अप्रशिक्षित अध्यापकों को दो वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है।

2--अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों पर कार्यरत अध्यापकों को वर्ष में एक बार प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है।

ख--मनोविज्ञान शाला, इलाहाबाद

1--उत्तर प्रदेश के मनोविज्ञान तथा शिक्षा शास्त्र के इण्टरमीडिएट कालेजों के प्रवक्ताओं को शिक्षा एवं मनोविज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम उपलब्धियों से अवगत् कराने का तीन सप्ताह का कार्यक्रम।

2--उन्हें निर्देशन एवं परामर्श की व्यावहारिक क्रिया विधियों से परिचित कराने का तीन सप्ताह का कार्यक्रम।

ग--शिक्षा प्रसार विभाग, इलाहाबाद श्रव्य दृश्य उपादान प्रशिक्षण, जिसकी अवधि दो सप्ताह है।

घ)—आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान इलाहाबाद

1—आंग्ल भाषा प्रशिक्षण डिप्लोमा – इसका उद्देश्य हाई स्कूल/इंटर कक्षाओं के रिसोर्स परसन तैयार करना तथा उनकी अंग्रेजी शिक्षण क्षमता में वृद्धि करना है।

2--सतत् शिक्षा—इसका उद्देश्य हाई स्कूल स्तरीय अंग्रेजी शिक्षकों का पुनर्बोधन तथा उनकी अनुभूत शैक्षिक कठिनाइयों का निराकरण करना है

3--पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण द्वारा हाईस्कूल स्तरीय अंग्रेजी शिक्षकों का पुनर्बोधन तथा उनकी अनुभूत शैक्षिक कठिनाइयों का निराकरण होता है।

4—अनुगमन गोष्ठियों का उद्देश्य जूनियर हाई स्कूल/हाई स्कूल स्तर पर कक्षा शिक्षण की वास्तविक स्थिति की जानकारी देना तथा शिक्षकों की अनुभूत शैक्षणिक कठिनाइयों का निराकरण करना एवं अंग्रेजी तथा भाषा शिक्षण के एक महत्वपूर्ण अंश पर चर्चा करना है।

5--क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के माध्यम से बेसिक स्तर के पुनर्बोधन/प्रशिक्षण कार्यक्रम से जूनियर हाई स्कूल स्तर के शिक्षकों के सस्वर पठन के सुधार, लिखित कार्य में सुधार तथा उनकी कठिनाइयों का निराकरण का प्रयत्न किया जाता है।

ङ--राजकीय केंद्रीय अध्ययन विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद सतत शिक्षा तथा पुनर्बोधात्मक शिक्षा के कार्यक्रम माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लाभार्थ चलाये जाते हैं।

च—राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।

(1) जूनियर हाई स्कूल स्तरीय विज्ञान अध्यापकों के लाभार्थ पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण,

(2) हाई स्कूल स्तरीय विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित अध्यापकों के लाभार्थ पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण।

(3) हाई स्कूल विज्ञान–1 में विज्ञान, जीव विज्ञान अध्यापकों एवं संदर्भ व्यक्तियों का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण।

(4) दीक्षा विद्यालय के विज्ञान अध्यापकों का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण।

(5) शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं निरीक्षकों का प्रशिक्षण।

(6) राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण।

अनुसंधान/अध्ययन कार्यक्रम

(क) प्रारम्भिक स्तर

(1) ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं के विद्यालयों में प्रवेश न लेने और पढ़ाई छोड़ने के कारणों का अध्ययन तथा समाधान के उपायों का प्रभाव। (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(2) अनौपचारिक (प्रारम्भिक) शिक्षा के कार्यान्वियन की शैक्षिक समस्यायें तथा उनके निदान (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(3) प्राइमरी स्तर पर ह्रास और अवरोध का अध्ययन एवं अन्य अनुसंधान/पाठ्यक्रम विकास (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(4) कक्षा एक से आठ तक के समाजोपयोगी उत्पादक कार्य विषयक कार्यक्रम (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(5) विद्यालयों में प्राइमरी स्तरीय शिक्षकों की कार्य प्रणाली तथा विद्यालय समय के बाहर उनके अवकाश के समय के उपयोग का अध्ययन (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(6) कक्षा 6, 7 तथा 8 हेतु प्रस्तावित पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण (राज्य शिक्षा संस्थान।

पाठ्य पुस्तक

(7) कक्षा 6, 7 एवं 8 की इतिहास तथा नागरिक शास्त्र विषयक राष्ट्रीयकृत पाठ्य पुस्तकों तथा हमारे पूर्वज पुस्तक का पुनर्लेखन (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(8) नवीन प्रस्तावित पाठयक्रम के अनुसार प्रारम्भिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों का पुनर्लेखन (राज्य शिक्षा संस्थान)।

(9) मुद्रण की गुणवत्ता की दृष्टि से पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा। (पाठ्य पुस्तक विभाग)।

(10) मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से भाषा एवं सामाजिक विज्ञान विषयक पुस्तकों की विषय-सामग्री का विश्लेषण (पाठ्य पुस्तक अनुभाग)।

(11) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीयकृत पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन की प्रक्रिया की व्यापक समीक्षा तथा सुधार के लिये प्रस्ताव (पाठ्य पुस्तक अनुभाग)।

विज्ञान शिक्षा

(12) अध्यापकों द्वारा जूनियर हाई स्कूल कक्षाओं के विज्ञान शिक्षण में विज्ञान किटों का उपयोग न करना एक अध्ययन (विज्ञान संस्थान)।

(13) जूनियर हाई स्कूल कक्षाओं हेतु रसायन विज्ञान किट गाइड का विकास (विज्ञान संस्थान)।

भाषा शिक्षण

(14) सामाजिक विषय की राष्ट्रीय कृत पाठ्य पुस्तकों (कक्षा 1 से 5 तक) में भाषागत प्रयोग का मूल्यांकन (हिन्दी संस्थान)।

(15) राष्ट्रीयकृत पाठ्य पुस्तकों में लोकोक्तियों (कविताओं) मुहावरों तथा सूक्तियों का प्रयोग (हिन्दी संस्थान)।

(16) प्राथमिक स्तर के छात्रों की संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण संबंधी त्रुटियों का अध्ययन (सर्वेक्षण के आधार पर) (हिन्दी संस्थान)।

(17) पूर्व माध्यमिक स्तर के छात्रों की क्रिया, क्रिया-विशेषण संबंधी त्रुटियों का अध्ययन (सर्वेक्षण के आधार पर) (हिन्दी संस्थान)।

(18) विज्ञान विषय की राष्ट्रीयकृत पुस्तकों (कक्षा 6 से 8 तक) में भाषागत प्रयोग का मूल्यांकन (हिन्दी संस्थान)।

(19) पूर्व माध्यमिक स्तर पर हिन्दी व्याकरण शिक्षण की विधियां (हिन्दी संस्थान)।

(20) कक्षा 6 में अंग्रेजी शिक्षण में मातृभाषा के लाभप्रद उपयोग (अंग्रेजी संस्थान)।

(21) कक्षा 7 के छात्रों द्वारा की जा रही अशुद्धियों का आलोचनात्मक अध्ययन (अंग्रेजी संस्थान)।

(22) कक्षा के मौखिक कार्य में मास मीडिया के द्वारा अध्यापकों को प्रदत्त बढ़ते सहयोग के प्रकार का अध्ययन (अंग्रेजी संस्थान)।

(23) छात्रों के हस्त-लेख की अशुद्धियों तथा उनके उपचार के मार्ग का अध्ययन (अंग्रजी संस्थान)।

(24) प्रारम्भिक स्तर के अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त पठन तथा लेख विधियों का तुलनात्मक अध्ययन (अंग्रेजी सस्थान)।

ख–माध्यमिक स्तर

(1) माध्यमिक स्तर पर विज्ञान पाठ्यक्रम का विकास (विज्ञान संस्थान)।

(2) उत्तर प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा हेतु सुविधायें - तृतीय चक्र (एक अग्रगामी अध्ययन) अध्यापन (विज्ञान संस्थान)।

(3) जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल स्तर पर गणित एवं हिन्दी में निदान सूचक परीक्षणों की रचना। (अध्यापन विज्ञान संस्थान)।

(4) जनपद स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रशासन का विश्लेषणात्मक अध्ययन (अध्यापन विज्ञान संस्थान।)

(5) अध्यापन शिक्षा में कक्षा शिक्षण अभ्यास में टीचिंग माडल एप्रोच (एम0 सी0ई0आर0टी0 के साथ) (अध्यापन विज्ञान संस्थान)।

(6) एल0टी0 सामान्य परीक्षा 1984 के परीक्षाफल में बाह्य तथा आन्तरिक मूल्यांकन का विश्लेषण (अध्यापन विज्ञान संस्थान)।

(ग) मनोविज्ञान एवं शैक्षिक व्यावसायिक परामर्श

(1) सृजनात्मक एवं बौद्धिक स्तर संबंधी एक अध्ययन (मनोविज्ञान शाला)।

(2) अध्यापक सदृश गुण (टी0 एल0 क्यू0) संबंधी अभिरुचि परीक्षण का निर्माण (मनोविज्ञानशाला)।

(3) भारतीय संस्कृति के अनुरूप सामान्य व्यक्तित्व परीक्षण का निर्माण-(मनोविज्ञानशाला)।

(4) चिल्ड्रेन एपरसेप्शन टेस्ट के प्रति उत्तर प्रदेश के बालकों की प्रतिक्रियाओं का मनोवैज्ञानिक अध्ययन (मनोविज्ञानशाला)।

(5) एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षण का इण्टरमीडिएट परीक्षण से सह संबंधी अध्ययन (मनोविज्ञानशाला)।

(6) अंग्रेजी में लिखित कार्य के शिक्षण में सुधार के सुझाव (अंग्रेजी संस्थान)।

(7) हाई स्कूल एवं जूनियर हाई स्कूल स्तरीय अंग्रेजी शिक्षण में सुलभ सुविधाओं का विश्लेषण तथा उत्तर प्रदेश में हो रहे उपयोग का अध्ययन (अंग्रेजी संस्थान)।

(8) उत्तर प्रदेश के अंग्रेजी शिक्षकों के प्रशिक्षण में प्रयुक्त कार्यक्रमों का मूल्यांकन (अंग्रेजी संस्थान)।

अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम

शैक्षिक तकनीकी कार्यक्रम

प्रदेश में इनसेट परियोजनान्तर्गत शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम की वृहत एवं महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश के तीन जनपदों बस्ती, गोरखपुर और आजमगढ़ के ग्रामीण अंचलों में स्थित 900 प्राथमिक विद्यालयों के लिये शैक्षिक तकनीकी संस्थान, लखनऊ के अन्तर्गत कार्यरत शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण केन्द्र द्वारा शैक्षिक कार्यक्रमों के वीडियो टेप निर्मित किये जायेंगे। इन शैक्षिक कार्यक्रमों से संबंधित निर्मित वीडियो टेपों को इनसेट 1–बी तथा नवस्थापित दूरदर्शन केन्द्र, गोरखपुर के माध्यम से प्रसारण कराया जायगा।

इनसेट परियोजना से सेवित जनपदों गोरखपुर, बस्ती और आजमगढ़ के चयनित 900 ग्रामीण प्राथमिक विद्यालयों में वितरित किये जाने वाले टेलीविजन सेटों के रखरखाव एवं इस नयी विद्या से परिचित कराने के लिये 1800 अध्यापक/कस्टोडियनों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है।

चयनित प्राथमिक विद्यालयों में बिजली के कनेक्शन ग्रामीण विद्युतीकरण विभाग के माध्यम से दिये जा रहे है। इन विद्यालयों हेतु भारत सरकार द्वारा टेलीविजन सेटों की आपूर्ति के लिये भारत सरकार ने दूरदर्शन केन्द्र नई दिल्ली को दायित्व सौपा है और 96 सेटों की पहली किश्त दूरदर्शन केन्द्र गोरखपुर के माध्यम से उपलब्ध करायी जा चुकी है। टेलीविजन सेटों की अगली किश्त शीघ्र ही आने की संभावना है। इस प्रकार 900 टी0 वी0 सेट ग्रामीण प्राथमिक विद्यालयों में लगायें जायेंगे।

शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रमों के उत्पादन हेतु इसरो के अभियंताओं की देख-रेख में स्थायी स्टूडियो का निर्माण किया जा रहा है। यह स्टूडियो मार्च 1985 तक निर्मित हो जायेगा।

श्रव्य दृश्य शिक्षा

शिक्षा प्रसार विभाग सामाजिक शिक्षा एवं श्रव्य दृश्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है यह विभाग अब परिषद के अधीन है और मुख्य रुप में शिक्षण के लिये श्रव्य दृश्य उपादानों के निर्माण और विद्यालयों में उनके सहयोग से प्रभावी शिक्षा देने की विद्या को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। श्रव्य दृश्य उपादानों के निर्माण तथा उनके शिक्षण में प्रभावी उपयोग के संबंध में आवश्यक साहित्य के सृजन की दिशा में प्रयत्नशील है।

चलचित्र निर्माण

वर्ष 1985–86 में प्राथमिक कक्षाओं में "विज्ञान शिक्षा" से संबंधित सावधानियों और विधाओं से अवगत कराने के लिये विज्ञान किट के उपयोग पर आधारित चलचित्र का निर्माण कराया जायगा। श्रव्य दृश्य शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पर श्रव्य दृश्य उपादानों के उपयोग का प्रशिक्षण देने के साथ ही चित्रपट्टियों के तथा शैक्षिक श्रव्य दृश्य उपादानों का निर्माण कराया जायगा।

आख्यागत वर्ष में निम्नांकित चलचित्रों के निर्माण का कार्य लिया गया है:—

(1) अनौपचारिक शिक्षा से संबंधित चलचित्र।
(2) शिक्षकों को प्रदत्त सुविधायें।
(3) विज्ञान किट (प्राइमरी) का उपयोग
(राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के सहयोग से)
(4) शिक्षा विभाग के कार्यकलाप।
(5) उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक झलकियां।

जनपद, मण्डल एवं राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

छात्रों की जिज्ञासा उद्बुद्ध करने, उन्हें नवीन वैज्ञानिक तथ्यों, नियमों व प्रक्रियाओं से अवगत कराने सूक्ष्म निरीक्षण करने तथा प्रयोगात्मक कार्य में दक्ष बनाने एवं उनमें स्वतंत्र चिन्तन एवं मौलिकता सृजित करने हेतु प्रत्येक वर्ष जनपद, मण्डल तथा राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष जनपद एवं मण्डल स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन सितम्बर तथा अक्टूबर 1984 में किया गया। राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन स्वराज्य भवन/बाल भवन इलाहाबाद में दिनांक 3–12–84 से 7–12–84 तक किया गया।

यूनीसेफ सहायता प्राप्त परियोजनायें

राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा निम्नलिखित यूनीसेफ पोषित परियोजनायें चलाई गई:—

(1) परियोजना संख्या—1—ए

पोषण स्वास्थ्य, स्वास्थ्य शिक्षा व पर्यावरणीय स्वच्छता की परियोजना अग्रगामीकरण में है, इस परियोजना के अन्तर्गत बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उनके उत्तम स्वास्थ्य, सामान्य शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु पोषण की आवश्यकता सम्बन्धी ज्ञान, बच्चों को पौष्टिक भोजन का चयन, उसकी तैयारी एवं संरक्षण संबंधी ज्ञान देने तथा वांछनीय स्वास्थ्यप्रद, पर्यावरणीय स्वच्छता संबंधी प्रवृत्तियों का विकास करने का उद्देश्य रखा गया है।

परियोजना के कार्यान्वयन हेतु इलाहाबाद जनपद के कौड़िहार तथा चायल विकास खण्डों के 100 प्राइमरी विद्यालयों का चयन किया गया। इन विकास खण्डों के अधिकतर निवासी आदिवासी, परिगणित जाति तथा पिछड़ी जाति के हैं। इन क्षेत्रों के निवासियों की पोषण, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी आदतों को पहले एक सर्वेक्षण द्वारा ज्ञात किया गया। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पाठ्यक्रम का विकास तथा तदनुरुप पाठ्य-सामग्री तैयार की गयी। कक्षा 1 एवं 2 के लिये चित्रों पर आधारित पुस्तक तथा कक्षा 3 के लिये कहानियों आदि के माध्यम से सामग्री प्रस्तुत की गयी है। कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों के प्रभावी शिक्षण हेतु शिक्षक संदर्शिका की संरचना की गयी। कक्षा 3 की पुस्तक तथा शिक्षक संदर्शिका विद्यालयों को दी जा चुकी है तथा उसके अनुरुप कार्य किया जा रहा है। इसके लिये समस्त विद्यालयों के लगभग 550 शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी सम्पादित किया जा चुका है। समुदाय के लिये भी शैक्षणिक सामग्री निर्माणाधीन है तथा समुदाय-सम्पर्क कार्यक्रम दोनों विकास खण्डों में आयोजित किया जा रहा है।

(2) पाठ्यक्रम नवीनीकरण परियोजना

यह परियोजना अपने राज्य में वर्ष 1976 से चलायी जा रही है। प्राथमिक चरण में यह प्रदेश मे तीन जनपदों के 30 प्राथमिक विद्यालयों में लागू की गयी। वर्ष 1980 में इसका विस्तार प्रदेश के 15 जनपदों के 150 प्राथमिक विद्यालयों में कर दिया गया। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के लिए एक ऐसा पाठ्यक्रम एवं पुस्तकें विकसित करना है जो आवश्यकता परक, जीवनोपयोगी एवं सार्थक हों।

अब तक कक्षा 1 से 5 तक का पाठ्यक्रम विकसित करके प्रयोगाधीन 150 प्राथमिक विद्यालयों में दे दिया गया है। इस संशोधित पाठ्यक्रम पर आधारित कक्षा 1 से 4 तक की पाठ्य पुस्तकें एवं शिक्षक संदर्शिकायें सभी 150 प्राथमिक विद्यालयों में परीक्षण हेतु भेजी जा चुकी है। लगभग 10,000 छात्र इनका प्रयोग कर रहे हैं। कक्षा 1 तथा 2 की सामग्री परीक्षणोपरान्त संशोधित कर दी गयी है। पाठ्य पुस्तकें भेजने के पूर्व संबंधित शिक्षक प्रशिक्षकों तथा प्राथमिक शिक्षकों का अभिनवीकरण किया गया। अब तक लगभग 3460 शिक्षक प्रशिक्षकों तथा शिक्षकों को अभिनवीकृत किया जा चुका है।

परियोजनान्तर्गत रचित कक्षा 1 से 5 तक का पाठ्यक्रम तथा कक्षा 1 से 3 तक की पाठ्य पुस्तकें क्रमशः प्रदेश में लागू करने के लिये बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्वीकार की जा चुकी हैं।

(3) सामुदायिक शिक्षा एवं सहभागिता में विकासात्मक क्रियाकलाप

राज्य के 5 सामुदायिक शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से यह परियोजना चलायी जा रही है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालय न जाने वाली जनसंख्या के लिये शैक्षिक

आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कार्यक्रमों का विकास एवं संचालन करना है। क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों को चलाने वाले विभिन्न अभिकरणों की सहायता से समुदाय का सामाजिक एवं आर्थिक विकास करना भी इस योजना का लक्ष्य है। इन केन्द्रों पर 0–3 वय वर्ग एवं प्रत्याशी माताओं के लिये कार्यक्रम 3–6 वय वर्ग हेतु नर्सरी शिक्षा, 6–14 वय वर्ग हेतु अनौपचारिक शिक्षा 15–35 एवं ऊपर के वय वर्ग हेतु प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अतिरिक्त स्वस्थ मनोरंजन, सामान्य शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत स्थानीय शिल्पों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

परियोजना के अन्तर्गत 6–11 वय वर्ग हेतु अनौपचारिक शिक्षा हेतु पाठ्य पुस्तकों प्रौढ़ों के लिये प्रवेशिका एवं सामन्य शिक्षा कार्यक्रम हेतु लघु पुस्तिकाओं का विकास किया जा चुका है। कार्यकर्त्ताओं, शिक्षकों, शिक्षक-प्रशिक्षकों एवं पर्यवेक्षकों के अभिनवीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किये गये हैं। पांचों केन्द्रों का आन्तरिक मूल्यांकन भी किया जा चुका है। 11–14 वय वर्ग हेतु अनौपचारिक शिक्षा हेतु शैक्षणिक सामग्री का विकास मुद्रण प्रशिक्षण एवं अभिनवीकरण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

(4) पूर्व प्राथमिक शिक्षा की परियोजना

फरवरी 1983 से तीन वर्षों के लिये यह परियोजना आरम्भ की गयी है। इसका उद्देश्य परिवार में शिक्षा प्राप्त करने वाले शिशु सदस्यों को रचनात्मक खेलों एवं विकासात्मक क्रियाओं द्वारा प्राथमिक स्तरीय शिक्षा में प्रवेश करने हेतु तैयार करना है। इस योजना के के अन्तर्गत चायल ब्लाक के 61 प्राथमिक विद्यालय संस्थान से संलग्न शोध आदर्श विद्यालय, राजकीय दीक्षा विद्यालय, शिवकुटी, इलाहाबाद तथा राजकीय (महिला) दीक्षा विद्यालय, इलाहाबाद से संलग्न प्रायोगिक पाठशाला को प्रयोग के लिये चुना गया है। केन्द्रों के चुनाव के अतिरिक्त पर्यवेक्षकों, प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया है। बालक शिक्षोपकरण साधन कार्यक्रम के अन्तर्गत कला, संगीत एवं खेल अध्यापक/अध्यापिकाओं को भी प्रशिक्षित किया गया है। बाल साहित्य तथा शिक्षक संदर्शिका का विकास किया जा चुका है। इनके प्रकाशन की व्यवस्था की जा रही है। पूर्व प्राथमिक शिक्षिकाओं की नियुक्ति के लिये प्रयत्न किया जा रहा है।

(5) प्राथमिक शिक्षा व्यापक उपागम

इस परियोजना के अन्तर्गत 9–14 वय वर्ग के उन बच्चों को शिक्षा दी जायेगी, जो किन्हीं कारणों से विद्यालय छोड़ गये हैं अथवा उन्होंने विद्यालय में प्रवेश ही नहीं लिया है। प्रदेश में यह परियोजना प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन करने तथा 9 से 14 वय वर्ग के बच्चों को आवश्यकता एवं समस्याओं पर आधारित तथा जीवनोपयोगी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 1979 से लागू की गयी है। इसके मुख्य उद्देश्य पर्यावरण तथा स्थानीय समस्याओं पर आधारित कार्यपरक, नमनीय विकेन्द्रित पाठ्यक्रम तथा पाठ्य सामग्री का विकास करते हुये जो बच्चे विद्यालय नहीं गये अथवा जिन्होंने विद्यालय छोड़ दिया है उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में सम्मिलित करना है।

इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षक प्रशिक्षण परिषद के मार्ग दर्शक बिन्दुओं के आधार पर बी0 टी0 सी0 पाठ्यक्रम संशोधित किया गया। सभी दीक्षा विद्यालयों के प्रधानों, शिक्षक-प्रशिक्षकों, समन्वयकों तथा ग्राम सेवक, ग्राम सेविकाओं को परियोजना की संकल्पना एवं सामग्री के विकास तथा प्रकरणों की प्रविधि में प्रशिक्षित किया गया। प्रदेश के जनपद स्तरीय तथा ब्लाक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों को भी परियोजना की संकल्पना एवं पर्यवेक्षण के संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया। शैक्षणिक सामग्री के चित्रों के निर्माण हेतु चित्रकारों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राइमरी स्तर के लिये अधिगम सामग्री तैयार की गयी तथा

मिडिल स्तर के लिये अधिगम सामग्री के निर्माण का कार्य हो रहा है। साथ ही प्रत्येक राजकीय दीक्षा विद्यालय तथा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से संलग्न अधिकतम केन्द्रों के संचालन की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है।

(6) अभिनवीकृत विद्यालय परियोजना

इसके अन्तर्गत इलाहाबाद जनपद के मूरतगंज विकास खण्ड के दस प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों के मौलिक स्वरुप में सुधार तथा उनकी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु संस्थागत नियोजन के विभिन्न सोपान का अनुसरण विभिन्न विषयों के प्रभावी शिक्षण हेतु अध्यापकों की शैक्षिक कठिनाईयों का निराकरण भाषा गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विषय के आदर्श पाठों की शिक्षण व्यवस्था, ह्रास-अवरोध के निराकरण के प्रयास, स्वच्छता (भवन एवं बालक बालिकाओं की) का बोध एवं प्रसार, सुलेख का अभ्यास, उच्चारण एवं वर्तनी सुधार, नैतिक शिक्षा की व्यवस्था तथा समाजोपयोगी उत्पादक कार्यों की योजना के कार्यकलापों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। गत सत्र में इन कार्यों को विकास खण्ड सोरव के दस विद्यालयों में सम्पन्न किया गया था।

जनसंख्या शिक्षाः

जनसंख्या शिक्षा के महत्व की पृष्ठभूमि में 6-14 वय वर्ग के शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को भी देश की वर्तमान जनसंख्या स्थिति से अवगत कराना आवश्यक है जिससे बच्चों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन लाया जा सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में जन संख्या स्थिति के प्रति सामान्य चेतना विकसित करना तथा शिक्षकों को इस दिशा में जागरूक बनाना है जो प्रत्यक्ष रुप से छात्रों में व्यवहार परिवर्तन हेतु उत्तरदायी हैं। यह शैक्षिक कार्यक्रम मानव जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक रचनात्मक कदम है।

परियोजनान्तर्गत कक्षा 1 से 12 तक के पाठ्यक्रम का प्रारुप तथा प्राइमरी जूनियर एवं माध्यमिक स्तरीय जनसंख्या शिक्षा पाठ्यक्रम तथा प्रारम्भिक एवं माध्यमिक स्तरीय शिक्षक-प्रशिक्षक एवं अनौपचारिक संवर्ग हेतु पाठ्यक्रम का विकास किया जा चुका है। इसी प्रकार प्रारम्भिक स्तरीय पाठ्य सामग्री का विकास तथा विभिन्न विषयों की पाठ्य पुस्तकों में जनसंख्या शिक्षा संबंधी विषयवस्तु का समावेश तथा कक्षा 9-10 की सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान की पुस्तकों में भी सामग्री का समावेश किया जा चुका है।

अनौपचारिक शिक्षा संवर्ग हेतु नमूने की पाठ्य सामग्री का विकास हुआ है तथा चार्टो पोस्टरों एवं प्रोटो-टाइप फोल्डर का निर्माण करते हुये कार्टो की सहायता से फिल्म स्ट्रिप्स का निर्माण भी किया गया है, फिल्म स्ट्रिप्स को फिल्म साइज में बदल कर प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु उसके 70 सेट तैयार किये गये हैं तथा 18 प्रकाशनों हेतु सामग्री तैयार की गई।

महत्वपूर्ण विषयों पर संदर्शिकायें

नया पाठ्यक्रम और विज्ञान प्रयोगशाला

नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 9-10 में विज्ञान की अनिवार्य शिक्षा के लिये उपकरण और प्रयोगशाला की व्यवस्था न्यूनतम व्यय में किये जाने की आवश्यकता को दृष्टि में रखते हुये यह निर्देश पुस्तिका तैयार करायी गयी है। इस [illegible] की सभी शाखाओं के लिये मिली जुली प्रयोगशाला [illegible] और रसायनों की विस्तृत सूचियां है।

National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B,SriAurbindo Marg,NewDelhi-110016
DOC. No.........................
Date.............................

विज्ञान–1 अध्यापन सदर्शिका

नये पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अनिवार्य विज्ञान (विज्ञान–1) एक नया विषय है। परिषद द्वारा विज्ञान (1) अध्यापन संदर्शिका प्रकाशित की गयी है, जो शिक्षण में रोचकता और प्रभावकारिता लाने के लिये उपयोगी सिद्ध होगी।

नये पाठ्यक्रम में आंतरिक मूल्यांकन

नये दस वर्षीय पाठ्यक्रम में नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा तथा समाजोपयोगी एवं सेवा कार्य विषय का मूल्यांकन पूर्णतः आन्तरिक ही होना है और उसकी बाह्य परीक्षा अपेक्षित नहीं है। आन्तरिक मूल्यांकन की सही संकल्पना और उसके व्यवहारिक उपयोग से अध्यापक परिचित नहीं हैं। अतः उनके लिये एक संदर्शिका की आवश्यकता स्पष्ट है। इस आवश्यकता की पूर्ति के उद्देश्य से परिषद द्वारा एक शिक्षक सदर्शिका प्रकाशित की गयी है।

बालिकाओं की माध्यमिक स्तरीय शिक्षा

प्राइमरी शिक्षा में बालिकाओं के कम प्रवेश का एक मुख्य कारण माध्यमिक स्तर तक शिक्षित ग्रामीण महिलाओं की कमी भी है। माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा का संख्यात्मक विस्तार राज्य में अतिन्यून रहा है। इस देश का औसत 29 प्रतिशत है, जबकि इस राज्य में 16 ही चतुर्थ शैक्षिक सर्वेक्षण (1979) में था। अतः ग्रामीण क्षेत्र में बालिकाओं की माध्यमिक शिक्षा के अवरोधक कारणों को वस्तुनिष्ठ शोध द्वारा ज्ञात करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से परिषद द्वारा इलाहाबाद और गोरखपुर के दो-दो विकास खण्डों में "अनुगामी परियोजना" के रूप में माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण बालिकाओं की शिक्षा के अवरोधक कारणों का लघु शोध सम्पादित कराया गया।

इस अध्ययन आख्या से कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आये। जैसे इलाहाबाद नगर से लगे हुये चायल और कौंड़िहार विकास खण्डों में माध्यमिक स्तर पर नामांकन केवल 2 प्रतिशत है, जबकि राज्य का ग्रामीण औसत 7 प्रतिशत है। इन दोनों विकास खण्डों में बालकों के 9 विद्यालय हैं, जबकि बालिकाओं के कोई भी नहीं हैं। बालकों के विद्यालयों में जो बालिकायें पढ़ रही थीं, उनमें से केवल 2 बालिकायें हाई स्कूल वैज्ञानिक वर्ग में थीं। 76 प्रतिशत अभिभावक आर्थिक दुर्बलता को बालिका शिक्षा की कमी का कारण मानते हैं। घरेलू काम को केवल 24 प्रतिशत ने अवरोधक बताया। परन्तु 91 प्रतिशत ने स्कूल आने जाने की असुरक्षा को कारण बताया। अधिकांश अभिभावक बालकों के स्कूल में पढ़ाने का साहस नहीं करते। सुझावों में बालिकाओं के अलग विद्यालय खोले जाने, बस की सुविधा मिश्रित विद्यालयों में महिला अध्यापिकाओं का प्रावधान आदि हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों की आवासीय शिक्षा योजना

राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान बालकों को कक्षा 8 के बाद चयन के उपरान्त कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा की विशेष आवासीय सुविधा की योजना 1976 से लागू है। यह योजना पूरे देश में अग्रगामी थी। परन्तु इसका कोई मूल्यांकन नहीं हुआ था, जिससे कमियों और सुधार की दिशायें ज्ञात होंती। अतः परिषद ने तीन शोध परियोजनाओं को प्रारम्भ किया। जिनके द्वारा प्रतिभावान बालकों के चयन को परीक्षा की विश्वसनीयता का मूल्यांकन इलाहाबाद और लखनऊ के विद्यालयों में योजना के कार्यान्वयन की दशा का मूल्यांकन तथा इन प्रतिभावान छात्रों के इण्टर स्तर पर उपलब्धियों की समीक्षा की गयी।

चयन-परीक्षा से सामाजिक विषय का पर्चा निकालने तथा बुद्धि परीक्षण जोड़ देने से परीक्षा की वैधता अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अब तक प्राप्त वैधता के समकक्ष हो जायगी।

वर्तमान रूप में अनेक प्रतिभावान छात्र चयनित नहीं हो पाते हैं । आख्या से अनेक महत्व-पूर्ण निष्कर्श निकले हैं, जिनके आधार पर योजना के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में सुधार किया जाना, इसे प्रभावी और सफल बनाने के लिये आवश्यक है ।

गोष्ठियां और कार्यशालाएं

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कलकत्ता के तत्वाधान में अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन, नई दिल्ली में किया जाता है । इस संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश से एक छात्र/छात्रा सम्मिलित होता है । इस छात्र/छात्रा के चयन हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में दिनांक 10–8–84 को जनपद स्तर की विज्ञान संगोष्ठियां आयोजित की गई । इन संगोष्ठियों के प्रत्येक विजेता छात्र/छात्रा को रु0 25 के मूल्य की पुस्तकें पुरस्कार स्वरुप प्रदान की गई तथा उनका चयन राज्य विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करने हेतु किया गया । राज्य विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 3–9–84 को राजकीय रचनात्मक प्रशिक्षण महाविद्यालय, लखनऊ में किया गया । इस संगोष्ठी के विजेता छात्र/छात्रा का चयन राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया । संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को 200 रुपये के मूल्य की तथा अन्य 6 छात्र/छात्राओं को 100 रुपये मूल्य की पुस्तकें पुरस्कार स्वरुप प्रदान की गई । इस वर्ष राज्य विज्ञान संगोष्ठी में सुशीला देवी गर्ल्स इण्टर कालेज, कन्नौज की छात्रा कुमारी शिल्पी टण्डन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

2—आल इण्डिया साइंस एजूकेशन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत इण्टर स्तरीय भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के प्रवक्ताओं हेतु संगोष्ठी/कार्यशाला के आयोजन संबंधी कायक्रम ब्रिटिश काउन्सिल के सहयोग से राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0 प्र0, इलाहाबाद में किया गया, जिसमें प्रदेश के मण्डल स्तर पर आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं के लिये रिसोर्स परसनल प्रशिक्षित किये गये । इस कार्यशाला में चैल्सी कालेज लंदन से आये हुये दो विशेषज्ञों ने परामर्शी के रुप में तथा चेल्सी कालेज लंदन में प्रशिक्षित नौ इण्टरमीडियेट स्तरीय प्रवक्ताओं तथा दो एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 के विशेषज्ञों ने रिसोर्स परसोनल के रुप में कार्य किया । उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुवर्ती कार्यक्रम के रुप में राज्य के प्रत्येक मण्डल मे छः दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है ।

3—जूनियर हाई स्कूल तथा इण्टरमीडियेट स्तर पर विज्ञान के पाठ्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में हाई स्कूल विज्ञान–2 के पाठ्यक्रम को अधिक उपयोगी एवं प्रभावी बनाने की दृष्टि से इसकी विषय वस्तु के विश्लेषण हेतु राज्य विज्ञान संस्थान द्वारा एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है ।

4—मण्डल स्तर पर विज्ञान शिक्षा उन्नयन संबंधी कार्य मण्डलीय विज्ञान अधिकारियों के माध्यम से सम्पन्न किये जाते है । इन अधिकारियों के माध्यम से प्रदेश के विशिष्ट संस्थानों म विज्ञान शिक्षा के उन्नयन के संबंध में किये गय चिन्तन एवं प्रयोगों को अध्यापकों तक पहुंचाया जाता ह । इन्हीं अधिकारियों द्वारा समय समय पर जनपद एवं मण्डल स्तर पर विज्ञान अध्यापकों की गोष्ठियां, कार्यशालाएं एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते है । संस्थान का मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारियों के साथ सम्पर्क बना रहने की दृष्टि से मण्डलीय विज्ञान अधिकारियों की समय समय पर संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं ।

5—राज्य शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम उत्पादन केन्द्र, लखनऊ के नवनियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कुआलालम्पुर (मलयशिया) के सहयोग से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद/केन्द्रीय शैक्षिक टेक्नालाजी, नई दिल्ली द्वारा शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम

के उत्पादन एवं भारत सरकार से निकट भविष्य में दिये जाने वाले विशिष्ट उपकरणों के रखरखाव आदि के संबंध में आयोजित कार्यशाला में गहन प्रशिक्षण दिया गया।

6—मनोविज्ञानशाला, इलाहाबाद द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षण के प्रश्न पत्र निर्माण की कार्यशाला का आयोजन सितम्बर 1984 माह में किया गया।

7—प्रधानाचार्यों के प्रबन्धकीय एवं अकादमिक प्रशिक्षण के सिलसिले में शैक्षिक प्रशासनिक एवं प्राविधिक प्रबन्ध कौशल के विकास हेतु प्रोन्नत प्रधानचार्यो (राजकीय) के प्रशिक्षण की योजनान्तर्गत वर्ष 1984–85 में 53 प्रधानाचार्यो को प्रशिक्षित किया गया।

8—राष्ट्रीय सद्भावना के लिये राष्ट्रीय स्तर पर संगीत अध्यापक/अध्यापिकाओं के लिय राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सहयोग से राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान द्वारा एक गायन शिविर जनवरी 1985 में आयोजित किये जाने की प्रस्तावना है।

9—राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सहयोग से जनवरी 85 में राजकीय केन्द्रीय अध्यापन विज्ञान संस्थान द्वारा सर्वेक्षण/संस्थागत नियोजन पर कार्यशाला के आयोजन की प्रस्तावना है।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रकाशन

प्रारम्भिक शिक्षा के पाठ्यक्रम—

(1) प्रारम्भिक स्तरीय पाठ्यक्रम संशोधन कार्यशाला की आख्या

(2) प्रारम्भिक स्तरीय पाठ्यक्रम (कक्षा 1 से 8 तक)
(संशोधित प्रारुप)

(3) प्रारम्भिक स्तरीय पाठ्यक्रम (कक्षा 1 से 8 तक)
(संशोधित प्रारुप का विश्लेषण)

हिन्दी शिक्षण—

(4) वर्तनी की अशुद्धियां वर्गीकरण एवं सुधार
(प्राथमिक स्तर)

(5) वर्तनी की अशुद्धियां वर्गीकरण एवं सुधार
(पूर्व माध्यमिक स्तर)

(6) वर्तनी की अशुद्धियां वर्गीकरण एवं सुधार
(माध्यमिक स्तर)

(7) राष्ट्रीय एकीकरण और हिन्दी
(कविता संग्रह)

(8) हिन्दी गद्य शिक्षण विशेषांक
(वाणी पत्रिका)

विज्ञान की शिक्षा—

(9) शिक्षक संदर्शिका—नये दस वर्षीय विज्ञान–1 पाठ्यक्रम के लिये (भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान)

(10) नये दस वर्षीय पाठ्यक्रम के विज्ञान–1 के लिये संदर्शिका—न्यूनतम उपकरण और प्रयोगशाला।

(11) राष्ट्रीय प्रतिभाखोज–शिक्षक संदर्शिका।

सामाजिक विज्ञान की शिक्षा—

(12) सामाजिक विज्ञान की संकल्पना और शिक्षण विधि (शिक्षक संदर्शिका)

(13) निदानात्मक परीक्षण—सामाजिक विषय (भूगोल, नागरिक शास्त्र, इतिहास) जू0 हा0 स्कूल कक्षा—7।

(14) उपचारात्मक शिक्षण—शिक्षक संदर्शिका

राष्ट्रीय एकीकरण की शिक्षा—

(15) गूंजते स्वर राष्ट्रीय एकीकरण (प्रेरक गीत एवं विचार) हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू

(16) राष्ट्रीय एकीकरण और हिन्दी (विशेषांक)

(17) अन्य भाषायी प्रदेश और हिन्दी (विशेषांक)

(18) हिन्दी की क्षेत्रीय बोलियां (विशेषांक)

(19) अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना की शिक्षा—(शिक्षक संदर्शिका)

(20) नये दस वर्षीय पाठ्यक्रम में आन्तरिक मूल्यांकन (शिक्षक संदर्शिका)

(21) विकलांगों की एकीकृत शिक्षा संकल्पना एवं क्रियान्वयन

शिक्षा और मनोविज्ञान—

(22) उत्तर प्रदेश में मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवा (छात्रों और अध्यापकों के लिये)

(23) भारतीय परीक्षणों का सूचीपत्र (अंग्रेजी में)

(24) एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा द्वारा प्रतिभावान छात्रों की खोज का मूल्यांकन (अंग्रेजी में)

शैक्षिक लघु शोध तथा अध्ययन—

(25) माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा सुविधाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन (इलाहाबाद जनपद का ग्रामीण क्षेत्र) एक अग्रगामी अध्ययन।

(26) उत्तर प्रदेश में प्रतिभाशाली छात्रों की आवासीय शिक्षा योजना का अध्ययन।

(27) एल0टी0 पाठ्यक्रम में प्रविष्ट छात्रों की उपलब्धियों का विश्लेषणात्मक अध्ययन।

(28) अध्यापक में वांछित गुणों का धारण, छात्रों, अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों की दृष्टि से।

(29) माध्यमिक विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षिक तकनीकी (श्रव्य-दृश्य) संसाधनों उपकरणों की स्थिति एवं उपयोग विषयक अध्ययन।

(30) कम व्यय के दृश्य श्रव्य उपकरण (शिक्षक संदर्शिका)

शैक्षिक तकनीकी—

(31) उत्तर प्रदेश में इनसेट परियोजनान्तर्गत शैक्षिक टेलीविजन कार्यक्रम हेतु प्रस्तावित योजना।

(32) लखनऊ दूरदर्शन केन्द्र की प्रसारण परिधि में आने वाले सामूहिक (कम्युनिटी) व्यूइंग केन्द्रों का न्यादर्श सर्वेक्षण ।

(33) शैक्षिक प्रसारण के राष्ट्रीय निर्देश

नव साक्षरों तथा ग्रामीणों के लिये साहित्य—

(34) नव ज्योति —— कथा विशेषांक
(35) ,, —— लोक कथा विशेषांक
(36) ,, —— बीस सूत्री कार्यक्रम विशेषांक
(37) ,, —— पर्यावरण, जनसंख्या एवं सामाजिक वानिकी विशेषांक

(38) वन सम्पदा

(39) आगे कैसे बढ़ें

जन संख्या शिक्षा

(40) जन संख्या शिक्षा दिग्दर्शिका (द्वितीय संस्करण)

(41) जन संख्या शिक्षा दिग्दर्शिका का अंग्रेजी संस्करण ।

